उज्जैन
शनिवार
11
अप्रैल, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-157
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



प्रियंका चोपड़ा-महेश बाबू की 'वाराणसी' की कहानी लीक विलेन के मिशन पर टाइम ट्रेवल करेंगे महेश, इतिहास से 2027 तक का दिखेगा सफर

पेज- 8



## खबर एक नजर...

### पत्नी और पुत्र ने हमलाकर जान से मारने की दी धमकी

**उज्जैन।** महिदुपर के ग्राम लक्ष्मीपुरा मुंडला पर्वत में रहने वाले सुमेरसिंह के साथ उसकी पत्नी और पुत्र ने रात में लाठियों से हमला कर जान से मारने की धमकी दी। सुमेरसिंह की शिकायत पर पुलिस ने पत्नी और पुत्र के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। सुमेरसिंह ने शिकायत में बताया कि उसने अपनी लड़की की शादी थी, जिसके चलते उस पर काफी कर्ज हो गया था। रात में उसने पत्नी से जमीन बेचकर कर्ज चुकाने की बात कहीं तो उसने पुत्र के साथ मिलकर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस पत्नी और पुत्र को हिरासत में लेकर अग्रिम विवेचना करेगी।

### होटल में ठहरे युवक-युवती को लेकर हंगामा

**उज्जैन।** होटल में ठहरे युवक–युवती को लेकर शुक्रवार को हंगामा हो गया। हिन्दू जागरण मंच ने युवक के मुस्लिम होने पर होटल संचालक पर नियमों की अनदेखी का आरोप लगाया। पुलिस होटल पहुंची और युवक–युवती को थाने ले आई। नानाखेड़ा थाना क्षेत्र के कालापत्थर पर एक होटल में मुस्लिम युवक के साथ युवती के ठहरे होने की खबर मिलने पर हिन्दू जागरण मंच के कार्यकर्ता पहुंच गये थे। उन्होने होटल का रजिस्ट्रर देखा और युवक–युवती की जानकारी लेकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस होटल पहुंची तो हंगामे की स्थिति बन गई। युवक–युवती को थाने लाया गया। हिन्दू जागरण मंच के अर्जुनसिंह भदौरिया ने बताया कि युवक रायपुर का रहने वाला सोहेल शेख है। वह शहर के अन्य होटल में भी रूम बुक कराने पहुंचे थे, लेकिन उन्हे रूम नहीं मिला। नानाखेड़ा क्षेत्र में होटल संचालक ने नियमों की अनदेखी कर चंद रूपयों के लालच में सोहेल का कमरा उपलब्ध कराया है। युवती के परिजनों को पता नहीं है कि उनकी बेटी किस के साथ और कहां है। मामले में नानाखेड़ा थाना पुलिस का कहना था कि दोनों से पूछताछ में दोस्त होना और बालिग होना सामने आये। शहर में आये दिन बाहर से आने वर्ग विशेष के युवकों द्वारा होटल में रूम बुक कराने और उनके साथ हिन्दू युवतियों के होने की जानकारी सामने आ रही है। जिसको लेकर हिन्दू संगठन के लोग सर्तक दिखाई दे रहे है। उनका आरोप है कि मामले लव जिहाद से जुड़े है।

### दो बार तारीख बदली, अब खाचरोद में एमएसपी पर गेहूं खरीदी शुरू



**उज्जैन।** क्षेत्र के किसानों का लंबा इंतजार शुक्रवार को खत्म हुआ। दो बार तारीखें बदलने के बाद ब्लॉक के खरीदी केंद्रों पर समर्थन मूल्य एमएसपी पर गेहूं की खरीदी शुरू हुई। पहले दिन जनप्रतिनिधियों ने किसानों का तिलक लगाया। मुंह मीठा कराया। स्वागत किया। बहुउद्देशीय प्राथमिक सेवा सहकारी समिति मर्यादित खामखेड़ा जत्रा ने पलक वेयरहाउस पर खरीदी प्रक्रिया का शुभारंभ किया। इस दौरान भाजपा नेता मानसिंह पटेल, अके सिंह ठाकुर, वीरेंद्र जैन, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष शिव पाटीदार, तुलसीराम बड़ोलिया, संस्था प्रबंधक, राजकुमार शर्मा, सुपरवाइजर, चंदर सिंह बड़ोलिया, अमृत दास बैरागी मौजूद रहे। उन्होंने उपज लेकर पहुंचे किसानों का स्वागत किया। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि सरकार का उद्देश्य किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाना है। उन्होंने कहा कि केंद्रों पर किसानों को किसी तरह की असुविधा नहीं होने दी जाएगी।

# धुरंधर की अभिनेत्री महाकाल मंदिर पहुंची







## मां के जन्मदिन पर महाकाल का आशीर्वाद लेने भस्म आरती में शामिल हुई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

हाल ही में रिलीज फिल्म धुरंधर की अभिनेत्री सारा अर्जुन शनिवार तड़के श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचीं। उनके साथ पिता राज अर्जुन और मां सान्या भी मौजूद थीं। सारा ने नंदी हाल से भगवान महाकाल के दर्शन कर आशीर्वाद लिया।

सारा अर्जुन पहली बार महाकाल मंदिर दर्शन के लिए पहुंचीं। सुबह करीब 4 बजे उन्होंने भस्म आरती में हिस्सा लिया और करीब दो घंटे तक आरती में शामिल रहीं। इस दौरान उन्होंने जय महाकाल के जयकारे लगाए और पूरी श्रद्धा के साथ पूजा-अर्चना की। आरती के बाद सारा ने नंदी जी के कान में अपनी मनोकामना कही। इसके बाद गर्भगृह की देहरी से भगवान महाकाल को जल अर्पित कर आशीर्वाद लिया। मंदिर प्रबंध समिति की ओर से उनका स्वागत और सत्कार भी किया गया। दर्शन के बाद सारा ने कहा कि महाकाल के दर्शन कर उन्हें बेहद सुकून मिला। उन्होंने कहा कि उन्होंने कुछ खास नहीं मांगा, बस सभी के अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। साथ ही मंदिर की व्यवस्थाओं की भी सराहना की। धुरंधर फिल्म से उन्हें खास पहचान मिली है। वे हिंदी के साथ तमिल, तेलुगु और मलयालम फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं। सारा अर्जुन ने बहुत कम उम्र में विज्ञापनों और फिल्मों से करियर शुरू किया था।

# सड़क चौड़ीकरण, मंदिर की प्रतिमाएं विस्थापित

## पंचमपुरा में पूजन-पाठ के बाद मूर्तियों को दूसरे स्थान पर स्थापित किया गया



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में सिंहस्थ 2028 के कार्यों के तहत सड़क चौड़ीकरण जारी है। इसी क्रम में इंदौर रोड स्थित पंचमपुरा में एक माताजी मंदिर की प्रतिमाओं को स्थानीय लोगों की उपस्थिति में विधि-विधान से दूसरे स्थान पर स्थानांतरित किया गया। यह स्थानांतरण आपसी सहमति से हुआ।

इंदौर रोड पर दो तालाब से टैगोर चौराहा तक सड़क चौड़ीकरण परियोजना चल रही है। पंचमपुरा इलाके में स्थित माताजी मंदिर इस मार्ग के चौड़ीकरण में बाधा बन रहा था, जिसके बाद स्थानीय स्तर पर सहमति बनाई गई।

स्थानीय पार्षद और क्षेत्र के निवासियों की मौजूदगी में मंदिर की प्रतिमाओं को विधि-विधान से पूजन-पाठ के बाद दूसरे मंदिर में स्थापित किया गया। इस प्रक्रिया में ढोल के साथ धार्मिक अनुष्ठान भी किए गए।

स्थानीय पार्षद राजेंद्र कुंवाल ने बताया कि सड़क चौड़ीकरण के बाद उसी स्थान पर मंदिर का पुनः निर्माण किया जाएगा और प्रतिमाओं की विधिवत पुनः स्थापना की जाएगी। इस दौरान पार्षद राजेंद्र कुंवाल, ओमप्रकाश मोहने, मोनू वर्मा, किशोर मोहने और उपयंत्री मुकुल मेश्राम सहित कई स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## उपहास और विरोध से गुजरकर स्वीकार्यता के शिखर पर पहुंचा संघः रामदत्त चक्रधर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100 वर्षों की यात्रा साधारण नहीं रही है। उपहास, उपेक्षा, आलोचना, विरोध और प्रतिबंधों से गुजरते हुए संघ आज व्यापक स्वीकार्यता के शिखर पर पहुंचा है। यह बात राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह रामदत्त चक्रधर ने डॉ. हेडगेवार जन्म शताब्दी स्मृति सेवा न्यास द्वारा आयोजित डॉ. हेडगेवार स्मृति व्याख्यानमाला के शुभारंभ अवसर पर कही।

नीलगंगा रोड माधव नगर स्थित लोकमान्य तिलक विद्यालय में शुक्रवार रात से यह तीन दिवसीय व्याख्यानमाला शुरू हुई है। अपने 40वें वर्ष में प्रवेश कर रहे इस आयोजन के प्रथम दिन रामदत्त चक्रधर ने '100 वर्ष की संघ यात्रा' विषय पर विचार रखे। उन्होंने कहा कि भारत केवल एक भौगोलिक इकाई नहीं, बल्कि विश्व को ज्ञान, आचार और व्यवहार की दिशा देने वाली ऋषि-भूमि है। भारत को पुनः उसी गौरवशाली स्वरूप में स्थापित करने के उद्देश्य से संघ की यात्रा 100 वर्षों से निरंतर चल रही है।

मुख्य वक्ता ने कहा कि 1925 में डॉ. हेडगेवार द्वारा प्रारंभ किए गए इस कार्य को शुरूआती दौर में लोगों ने असंभव बताते हुए उपहास किया। 1948 में महात्मा गांधी की हत्या के आरोपों और 1975 के आपातकाल में संघ ने कठोर विरोध व प्रतिबंधों का सामना किया। इसके बावजूद स्वयंसेवकों ने सत्याग्रह और जेल यात्राएं कीं तथा संगठन का कार्य नहीं रुका। उन्होंने डॉ. हेडगेवार के साहस, निर्भीकता और राष्ट्रनिष्ठा को संघ की मूल प्रेरणा बताया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और केशव अर्चना के साथ हुआ। अतिथियों का परिचय क्षमाशील मिश्रा ने कराया। उल्लास वैद्य और प्रशांत शर्मा ने अतिथियों को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में सार्थक गहलोत ने गीत तथा अनामिका सोनी ने वंदे मातरम् की प्रस्तुति दी। मंच संचालन राहुल विपट ने किया और आभार राजेश गर्ग ने माना। इस दौरान शहर के बुद्धिजीवी व नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# उज्जैन में पंचकोशी यात्रा, 2 दिन पहले ही पहुंचे श्रद्धालु

## 12 अप्रैल से यात्रा की शुरूआत, युवाओं ने सोशल मीडिया न यूज करने का लिया संकल्प

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन





उज्जैन में 118 किलोमीटर लंबी पंचकोशी यात्रा 12 अप्रैल से शुरू हो रही है, लेकिन श्रद्धालुओं का उत्साह ऐसा है कि लोग दो दिन पहले ही उज्जैन पहुंचने लगे हैं। यह यात्रा नागचंद्रेश्वर मंदिर से शुरू होती है, जहां श्रद्धालु नारियल चढ़ाकर भगवान से शक्ति मांगते हैं ताकि यात्रा सफलतापूर्वक पूरी कर सकें। हर साल 2 से 3 लाख लोग यात्रा में भाग लेते हैं।

इंदौर, बडनगर, इंगोरिया और आसपास के इलाकों से लोग बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। कुछ लोग पहली बार आए हैं, जबकि कई श्रद्धालु वर्षों से लगातार पंचकोशी यात्रा कर रहे हैं। नागचंद्रेश्वर मंदिर से जुड़ी शीला शर्मा के मुताबिक, हर साल करीब 2 से 3 लाख लोग इस यात्रा में भाग लेते हैं।

**युवाओं में सोशल मीडिया उपयोग नहीं करने का संकल्प-** इस बार यात्रा में शामिल कई युवा छात्रों ने तय किया है कि वे यात्रा के दौरान सोशल मीडिया का उपयोग नहीं करेंगे। वे फोन का इस्तेमाल सिर्फ परिवार से बात करने के लिए करेंगे। एक छात्रा ने बताया कि वह 11वीं कक्षा में पढ़ती है और पहली बार आस्था के चलते यात्रा कर रही है।

**परिवार के साथ आस्था का सफर-** करौंदिया गांव से परिवार के साथ आईं मनीषा भाटी ने बताया कि वे पहली बार यात्रा पर आई हैं, हालांकि उनकी दादी पहले भी यह यात्रा कर चुकी हैं। राज कुंवर बाई ने बताया कि वे पिछले तीन साल से लगातार पंचकोशी यात्रा कर रही हैं और उनकी तीन बहनें अलग-अलग गांवों से आकर साथ यात्रा करती हैं। बांसवाड़ा गांव से आईं रता बाई ने बताया कि उन्हें चलने में थोड़ी समस्या है, इसलिए वे धीरे-धीरे यात्रा करती हैं। उन्होंने बताया कि वे सभी साथ रहते हैं, जहां रुकते हैं वहीं खाना बनाते हैं, जिसमें दाल-रोटी और चावल शामिल होते हैं। श्याम कुंवर ने बताया कि वे घर से घी, आटा, दाल, पैसे और कपड़े जैसी सभी आवश्यक सामग्री लेकर पूरी तैयारी के साथ यात्रा पर निकली हैं।

उज्जैन
शनिवार
11
अप्रैल, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

यस्य नास्ति स्वयं प्रज्ञा, शास्त्रं तस्य करोति किं।
लोचनाभ्याम विहीनस्य, दर्पणः किं करिष्यति।।

**अर्थः** जिस व्यक्ति के पास अपनी (प्रज्ञा) अंतरात्मा नहीं है, उसके शास्त्रों का क्या फायदा, जैसे कि दर्पण अंधे व्यक्ति के लिए बेकार है।

### अमेरिका और ईरान के बीच शांति को लेकर राजधानी इस्लामाबाद में आज एक अहम बैठकी

# ईरानी लीडर बच्चों की तस्वीरें लेकर पाकिस्तान पहुंचे

### लिखा- ये मेरे सफर में साथ हैं, स्कूल पर मिसाइल हमले में मारे गए थे





ब्रह्मास्त्र ›› इस्लामाबाद

अमेरिका के साथ शांति पर बातचीत के लिए ईरान का डेलिगेशन शुक्रवार देर रात पाकिस्तान पहुंचा। इसकी अगुआई ईरान की संसद के स्पीकर मोहम्मद बाघेर गालिबाफ कर रहे हैं। उन्होंने इस्लामाबाद पहुंचने के बाद एक्स पर एक फोटो शेयर की। इसमें विमान की सीटों पर चार बच्चों की तस्वीरें रखी हैं, जिनके साथ एक-एक स्कूल बैग और फूल भी रखा है। ईरानी शहर मिनाब में जंग के पहले ही दिन 28 फरवरी को एक प्राइमरी स्कूल पर हमला हुआ था, जिसमें 168 लोगों की मौत हुई थी। इनमें बच्चे और स्कूल स्टाफ शामिल थे। इस हमले का आरोप अमेरिका और इजराइल पर लगाया गया था।

**कुछ देर में पाकिस्तान पहुंचेंगे अमेरिकी उपराष्ट्रपति-** अमेरिका और ईरान के बीच शांति को लेकर राजधानी इस्लामाबाद में आज एक अहम बैठक होनी है। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस इसमें शामिल होने कुछ देर में पहुंचेंगे। इस बैठक पर दुनियाभर की नजर है। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने इस बातचीत से पहले ईरान को धमकी दी है। उन्होंने कहा कि ईरान के पास थोड़े समय के लिए समुद्री रास्तों पर जबरदस्ती वसूली के अलावा कोई दांव नहीं है। उन्होंने यह भी धमकी दी कि वे इसलिए जिंदा हैं, ताकि बातचीत कर सकें।

### ट्रम्प बोले- ईरान को होर्मुज से टोल नहीं लेने देंगे

- ट्रम्प ने कहा है कि होर्मुज ईरान मदद करे या नहीं, होर्मूज बहुत जल्दी खुलेगा। शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत में, ट्रम्प ने कहा कि दूसरे देश भी इसमें मदद के लिए तैयार हैं। उन्होंने माना कि यह आसान नहीं होगा, लेकिन भरोसा जताया कि रास्ता जल्द खुल जाएगा।
- ट्रम्प ने यह नहीं बताया कि अमेरिका इसे कैसे खोलेगा, लेकिन उन्होंने साफ किया कि ईरान अगर जहाजों से गुजरने के लिए पैसे (टोल) लेने की कोशिश करेगा, तो इसे नहीं माना जाएगा।

### मिनाब-168 नाम के प्लेन से पाकिस्तान पहुंचे ईरानी लीडर्स

- अमेरिका से बातचीत के लिए जो ईरानी डेलिगेशन पाकिस्तान के इस्लामाबाद पहुंचा, वह मिनाब 168 नाम के प्लेन से आया है।
- बीबीसी के मुताबिक इस फ्लाइट का नाम ईरान के मिनाब शहर में लड़कियों के एक स्कूल पर हुए हमले की याद में रखा गया है। इस हमले में मारे गए लोगों में ज्यादातर बच्चे थे। ईरानी अधिकारियों के मुताबिक, 28 फरवरी को हुए मिसाइल हमले में मिनाब स्थित एक प्राथमिक स्कूल तबाह हो गया था, जिसमें कई बच्चों की जान गई।
- मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अमेरिकी जांच एजेंसियां यह मान रही हैं कि संभव है यह हमला अमेरिकी सेना से गलती से हुआ हो। अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ पहले ही कह चुके हैं कि इस मामले की जांच की जा रही है।

### शांति की उम्मीद है लेकिन अमेरिका पर भरोसा नहीं

इस्लामाबाद पहुंचते ही ईरान के शीर्ष वातार्कार मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने अमेरिका को लेकर कहा कि उन्हें शांति की उम्मीद है, लेकिन भरोसा नहीं। गालिबाफ ने सरकारी मीडिया से कहा, हमारे पास गुड विल है, लेकिन हम भरोसा नहीं करते।

## कमला हैरिस 2028 का चुनाव लड़ सकती हैं, कहा- मैं इस बारे में सोच रही



**वाशिंगटन।** अमेरिका की पूर्व उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने 2028 के राष्ट्रपति चुनाव को लेकर संकेत दिया है कि वह दोबारा चुनाव लड़ सकती हैं। न्यूयॉर्क में नेशनल एक्शन नेटवर्क की बैठक के दौरान जब उनसे पूछा गया कि क्या वह फिर चुनाव लड़ेंगी, तो उन्होंने कहा, हो सकता है, मैं इस बारे में सोच रही हूं। उनके इस जवाब पर वहां मौजूद लोगों ने जोरदार तालियां बजाईं। हैरिस ने यह भी कहा कि वह 2028 में अपना फैसला इस आधार पर लेंगी कि अमेरिकी जनता के लिए कौन सबसे बेहतर काम कर सकता है। कमला हैरिस, जो जो बाइडेन के कार्यकाल में उपराष्ट्रपति रही थीं, 2024 का राष्ट्रपति चुनाव हार गई थीं। उस चुनाव में उन्हें डोनाल्ड ट्रम्प ने हराया था।

## 12 राज्यों-यूटी में एसआईआर, 6.08 करोड़ लोगों के नाम कट

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के दूसरे फेज के तहत उत्तर प्रदेश में फाइनल वोटर लिस्ट जारी की गई। इसके पूरा होने के बाद 9 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों की वोटर लिस्ट में कुल 6.08 करोड़ नाम कम हुए हैं। पिछले साल 27 अक्टूबर को एसआईआर प्रक्रिया शुरू होने से पहले 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कुल मतदाताओं की संख्या करीब 51 करोड़ थी। फाइनल लिस्ट जारी होने के बाद यह संख्या 44.92 करोड़ रह गई है। एसआईआर के दूसरे फेज में उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, राजस्थान, छत्तीसगढ़, केरल, गुजरात, मध्य प्रदेश, गोवा समेत पुडुचेरी, अंडमान-निकोबार, लक्षद्वीप की फाइनल वोटर लिस्ट पब्लिश की गई है।

## स्विगी के को-फाउंडर लक्ष्मी रेड्डी ने इस्तीफा दिया



**नई दिल्ली।** फूड और ग्रोसरी डिलीवरी प्लेटफॉर्म स्विगी के को-फाउंडर लक्ष्मी नंदन रेड्डी ओबुल ने कंपनी के बोर्ड से इस्तीफा दे दिया है। स्विगी ने शुक्रवार को रेगुलेटरी फाइलिंग में इसकी जानकारी दी। ओबुल कंपनी में होल-टाइम डायरेक्टर और हेड ऑफ इनोवेशन की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। उनका इस्तीफा आज (10 अप्रैल) से प्रभावी होगा। कंपनी ने बताया कि ओबुल अब अपने दूसरे प्रोफेशनल हितों पर ध्यान देना चाहते हैं, इसलिए उन्होंने यह फैसला लिया है। ओबुल के जाने के साथ ही स्विगी के बोर्ड में कई महत्वपूर्ण नियुक्तियों और नियमों में बदलाव को भी मंजूरी दी गई है।

## असम के एक पोलिंग बूथ में आज दोबारा वोटिंग

**तिरुवनंतपुरम।** असम के श्रीभूमि जिले में करीमगंज (उत्तर) विधानसभा क्षेत्र के 239-बेबीलैंड हाई इंग्लिश स्कूल मतदान केंद्र पर आज दोबारा वोटिंग होगी। वोट सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक डाले जाएंगे। बीजेपी और कांग्रेस के समर्थकों के बीच हुई झड़पों के बाद दोबारा चुनाव का आदेश दिया गया है। इस सीट से 14 उम्मीदवार मैदान में हैं। वहीं पश्चिम बंगाल में पीएम मोदी की तीन रैलियां होंगी। सबसे पहले वे दोपहर 12 बजे कटवा में जनता को संबोधित करेंगे। दोपहर 1:45 बजे जंगीपुर जाएंगे फिर दोपहर 3:45 बजे दक्षिण दिनाजपुर में जनसभा करेंगे। पीएम मोदी पिछले साल मुर्शिदाबाद हिंसा में जान गंवाने वाले चंदन दास के परिवार से भी मिलेंगे। 12 अप्रैल 2025 को मुर्शिदाबाद में वक्फ संशोधन अधिनियम के विरोध के दौरान हिंसा में चंदन दास और उनके पिता हरगोबिंद दास की हत्या कर दी गई थी।

# मणिपुर में बीएसएफ जवान की हत्या

### उखरूल में पेट्रोलिंग ड्यूटी पर तैनात थे, यहां फरवरी से हिंसा जारी है

ब्रह्मास्त्र ›› इंफाल



मणिपुर के उखरुल जिले में शुक्रवार को पेट्रोलिंग ड्यूटी पर तैनात बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स के एक कांस्टेबल की गोली मारकर हत्या कर दी गई। अधिकारियों के मुताबिक कांस्टेबल मिथुन मंडल को शाम करीब 4:30 बजे गोली लगी।

गोली लगने के बाद उन्हें तुरंत इंफाल के अस्पताल ले जाया गया, जहां शाम करीब 6 बजे उन्होंने दम तोड़ दिया। अधिकारियों ने बताया कि मिथुन मंडल पश्चिम बंगाल के भगजन टोला गांव के रहने वाले थे और 170 बटालियन बीएसएफ में तैनात थे।

फरवरी में दो समुदायों के बीच हुई जातीय झड़पों के बाद कुकी गांव मोंगकोट चेपू और पड़ोसी तांगखुल नागा इलाके में गोलीबारी की घटनाएं होती रही हैं। यहां जारी तनाव के बीच पेट्रोलिंग कर रहे बीएसएफ जवान पर यह हमला हुआ है।

मणिपुर पुलिस ने बयान जारी कर कहा कि हमले के पीछे शामिल लोगों को पकड़ने के लिए सुरक्षा बल इलाके में सर्च ऑपरेशन और तलाशी अभियान चला रहे हैं। फिलहाल हमलावरों की पहचान सार्वजनिक नहीं की गई है।

**सीएम खेमचंद ने हत्या पर दुःख जताया-** मुख्यमंत्री वाई खेमचंद सिंह ने कहा- कांस्टेबल मिथुन मंडल की दुखद शहादत की कड़ी निंदा करता हूं। पश्चिम बंगाल के इस बहादुर बेटे के ड्यूटी के दौरान दिए गए बलिदान को कभी नहीं भुलाया जाएगा।

# इंदौर के आरती भोजनालय में लगी आग

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के देवास नाका क्षेत्र में शुक्रवार शाम करीब 7:30 बजे महिंद्रा शोरूम के सामने स्थित आरती भोजनालय में भीषण आग लग गई। आग लगते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोग दहशत में आ गए। टीआई तारेश सोनी के मुताबिक आग बुझ गई है। कोई हताहत नहीं हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, आग तेजी से फैलती नजर आई, जिसके बाद तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। दमकल की गाड़ियां मौके के लिए रवाना हुईं। सूचना के बाद स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और आग पर काबू पा लिया। भोजनालय में खाना बनाने के दौरान यहां गैस की नली में आग लगी थी। इसके बाद बाहर रखा पूरा सामान जलकर खाक हो गया। हादसे के दौरान कर्मचारी बाहर की ओर निकल गए थे। भोजनालय में जिस गैस की टंकी में आग लगी थी, उसमें आधे घंटे बाद ब्लास्ट हो गया। घटना के समय होटल में दो और टंकियां रखी थीं, लेकिन वे बच गईं।

# वृंदावन हादसा : 10 पर्यटकों की मौत, 5 अभी लापता

### यमुना में 250 गोताखोर तलाश कर रहे, लोगों को मरता छोड़कर भागा नाव मालिक गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ›› मथुरा





मथुरा के वृंदावन में नाव हादसे में 10 लोगों की मौत हो चुकी है। अब तक 22 लोगों को रेस्क्यू किया गया है। अभी 5 लोग लापता हैं। शनिवार को दूसरे दिन भी रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा है। आर्मी समेत 250 लोगों की टीम रेस्क्यू ऑपरेशन में लगी हुई है। 14 किमी के दायरे में लापता लोगों की तलाश की जा रही है।

लापता लोग अभी तक क्यों नहीं मिल रहे हैं? इस सवाल पर रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटे अफसर ने बताया कि यमुना नदी का बहाव तेज है, इसलिए लोग बहकर काफी दूर जा सकते हैं। इसके अलावा, नदी के अंदर गाद (कीचड़) और रेत में शव दबे हो सकते हैं। 24 घंटे बाद शव फूलकर ऊपर आ सकते हैं।

हादसा शुक्रवार दोपहर 3 बजे केसी घाट पर हुआ, जहां 37 श्रद्धालुओं से भरी नाव पलट गई थी। घाट बांके बिहारी मंदिर से करीब 2 किमी दूर है। मृतकों में मां-बेटे, चाचा-चाची और बुआ-फूफा समेत एक ही परिवार के 7 लोग शामिल हैं। जिस जगह हादसा हुआ, वहां 25 फीट गहरा पानी है। शुरूआती जांच से पता चला है कि नाव की क्षमता 40 श्रद्धालुओं की थी। किसी भी श्रद्धालु को नाविक ने लाइफ जैकेट नहीं दी थी। पांटून पुल की रिपेयरिंग कर रहे लोगों और अन्य नाविकों ने कुछ लोगों को बचाया। बाद में प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंचीं और रेस्क्यू शुरू किया। पुलिस ने आरोपी नाविक पप्पू निषाद को हादसे के 6 घंटे बाद यानी रात 9 बजे हिरासत में लिया। नाव उसकी खुद की थी। उसने श्रद्धालुओं को जुगल घाट से बैठाया था। हादसे के बाद फरार हो गया था। हादसे से जुड़े 2 वीडियो सामने आए हैं। पहला- नाव डूबने से 15 मिनट पहले का है। इसमें लोग राधे-राधे का जप कर रहे हैं। दूसरा- श्रद्धालुओं के नदी में डूबने का है।

## खबर एक नजर...

### सराफा विद्यालय को 11 किलोमीटर दूर शिफ्ट करने का विरोध: 2978 विद्यार्थियों के भविष्य पर संकट

**उज्जैन।** भगवान महाकाल की नगरी में स्थित शासकीय सराफा विद्यालय को शहर से 11 किलोमीटर दूर दाऊदखेड़ी शिफ्ट करने के आदेश का विरोध शुरू हो गया है। शिक्षा विभाग के इस फैसले से विद्यालय में पढ़ने वाले हजारों विद्यार्थियों, विशेषकर गरीब परिवारों की छात्राओं की पढ़ाई पर संकट खड़ा हो गया है।

जिला पंचायत उज्जैन के पूर्व उपाध्यक्ष एवं शिक्षा स्थायी समिति के अध्यक्ष भरत पोरवाल ने इस संबंध में उज्जैन कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारी महेंद्र खत्री को पत्र लिखकर आपत्ति दर्ज कराई है। पोरवाल ने आदेश पर तत्काल रोक लगाने की मांग करते हुए अधिकारियों के निर्णय पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि सराफा विद्यालय में पढ़ने वाली गरीब परिवार की छात्राएं 11 किलोमीटर दूर दाऊदखेड़ी स्थित विद्यालय में अध्ययन के लिए कैसे जा पाएंगी। इतनी दूर स्कूल शिफ्ट होने से उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा 30 मार्च 2026 को सराफा विद्यालय को शिफ्ट करने के संबंध में आदेश क्रमांक 274 जारी किया गया था। पोरवाल ने पत्र में स्पष्ट किया है कि सराफा विद्यालय में वर्तमान में 580 छात्राएं अध्ययनरत हैं, जबकि कुल छात्र-छात्राओं की संख्या 2978 है। इतनी बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ को रोकने के लिए जनहित में इस आदेश को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाना चाहिए।

### उज्जैन में 12 अप्रैल को सजेगा रंग बैसाखी एग्जीबिशन, फैशन, फूड और फन का होगा संगम

**उज्जैन।** शहर के देवास रोड स्थित होटल आश्रय में 12 अप्रैल रविवार को दीप दीवास एवं लक्ष्य के तत्वावधान में रंग बैसाखी एग्जीबिशन का भव्य आयोजन किया जा रहा है। मॉम एंड किड्स स्पेशल थीम पर आधारित इस एग्जीबिशन का शुभारंभ डॉ. सतिंदर सलूजा, डॉ. अनुराधा पंचोली और समाजसेविका सुमीना लिग्गा करेंगी। यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे से रात 11 बजे तक चलेगा। इस एग्जीबिशन में फैशन, लाइफस्टाइल और फेस्टिव कलेक्शन की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध रहेगी।

# छत्रीचौक पानी की टंकी हटाकर चौराहे की मार्किंग करें..



ब्रह्मास्त्र ⏩ उज्जैन

सिंहस्थ 2028 की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए नगर निगम द्वारा शहर में चल रहे चौड़ीकरण कार्यों में तेजी लाई जा रही है। इसी क्रम में निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने शुक्रवार को विभिन्न स्थलों का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

आयुक्त ने तेलीवाड़ा चौराहा, छत्रीचौक पानी की टंकी चौराहा तथा ढाबा रोड से केडी गेट होते हुए खजूरवाली मस्जिद रोड तक चल रहे चौड़ीकरण कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं।

तेलीवाड़ा चौराहे के विकास एवं सौंदर्यीकरण को लेकर आयुक्त ने कहा कि चिन्हित धार्मिक स्थलों के विस्थापन के लिए स्थानीय रहवासियों एवं संचालकों से संवाद स्थापित कर सहमति के साथ कार्रवाई की जाए। मंदिर विस्थापन की प्रक्रिया पूर्ण कर चौराहे की मार्किंग शीघ्र पूरी करने के निर्देश भी दिए गए।

छत्रीचौक स्थित पानी की टंकी पर पहुंचकर आयुक्त ने डिस्मेंटल कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि टंकी हटने के बाद तत्काल चौराहे की मार्किंग का कार्य पूर्ण किया जाए, ताकि आगामी निर्माण कार्य में देरी न हो।

ढाबा रोड से दानीगेट तक मार्ग चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण करते हुए आयुक्त ने गिराऊ भवनों को शीघ्र हटाने, शेष नाली निर्माण कार्य पूर्ण करने तथा जहां-जहां पानी भरा है, वहां सीवर क्लीनिंग मशीन से निकासी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

केडी गेट से खजूरवाली मस्जिद तक प्रगतिरत कार्यों के निरीक्षण में आयुक्त ने पोल शिफ्टिंग के बाद विद्युत लाइन कनेक्शन पूर्ण करने तथा सीआरएम कार्य के पश्चात डीएलसी कार्य जल्द शुरू करने के निर्देश भी दिए।

निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री हिमांशु तिवारी, प्रभारी कार्यपालन यंत्री साहिल मैदावाला, सहायक यंत्री डी.एस. परिहार, भवन अधिकारी राजकुमार राठौर, उपयंत्री राजेंद्र रावत सहित संबंधित ठेकेदार उपस्थित रहे।

## ग्राम पंचायत काचरिया में वॉटर हार्वेस्टिंग का कार्य सफलता पूर्वक पूर्ण किया गया

ब्रह्मास्त्र ⏩ उज्जैन

जनपद महिदपुर की ग्राम पंचायत काचरिया में जलगंगा संवर्धन अभियान 2026 के अंतर्गत वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। यह कार्य आंगनवाड़ी सेवा योजना के अंतर्गत सक्षम आंगनवाड़ी पोषण-2.0 मद से कराया गया। स्वीकृत राशि 0.16 लाख रुपये (सोलह हजार रुपये) थी। आंगनवाड़ी केंद्र काचरिया-2 में किया गया यह कार्य जल संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय कदम साबित हुआ है। आंगनवाड़ी भवन की छत से निकलने वाले वर्षा जल को वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली के माध्यम से संग्रहित किया गया। अनुमानित 25,000 लीटर पानी को भूमिगत संग्रहण करके जल रिचार्ज किया गया है। इस पहल से न केवल स्थानीय जल स्तर में वृद्धि होगी, बल्कि भविष्य में सूखे की स्थिति में भी इस क्षेत्र को लाभ मिलेगा। साथ ही आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों और महिलाओं के लिए स्वच्छ एवं पर्याप्त जल उपलब्धता सुनिश्चित करने में भी यह कार्य सहायक सिद्ध होगा।

# उपहास और विरोध से गुजरकर स्वीकार्यता के शिखर पर पहुंचा संघ: रामदत्त चक्रधर

### 40वीं डॉ. हेडगेवार स्मृति व्याख्यानमाला शुरू, भारत को फिर से गौरवशाली बनाना ही संघ का लक्ष्य

### प्रथम दिन '100 वर्ष की संघ यात्रा' पर हुआ मंथन

ब्रह्मास्त्र ⏩ उज्जैन




राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100 वर्षों की यात्रा साधारण नहीं रही है। उपहास, उपेक्षा, आलोचना, विरोध और प्रतिबंधों से गुजरते हुए संघ आज व्यापक स्वीकार्यता के शिखर पर पहुंचा है। यह बात राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह रामदत्त चक्रधर ने डॉ. हेडगेवार जन्म शताब्दी स्मृति सेवा न्यास द्वारा आयोजित डॉ. हेडगेवार स्मृति व्याख्यानमाला के शुभारंभ अवसर पर कही।

नीलगंगा रोड माधव नगर स्थित लोकमान्य तिलक विद्यालय में शुक्रवार रात से यह तीन दिवसीय व्याख्यानमाला शुरू हुई है। अपने 40वें वर्ष में प्रवेश कर रहे इस आयोजन के प्रथम दिन रामदत्त चक्रधर ने '100 वर्ष की संघ यात्रा' विषय पर विचार रखे। उन्होंने कहा कि भारत केवल एक भौगोलिक इकाई नहीं, बल्कि विश्व को ज्ञान, आचार और व्यवहार की दिशा देने वाली ऋषि-भूमि है। भारत को पुनः उसी गौरवशाली स्वरूप में स्थापित करने के उद्देश्य से संघ की यात्रा 100 वर्षों से निरंतर चल रही है। मुख्य वक्ता ने कहा कि 1925 में डॉ. हेडगेवार द्वारा प्रारंभ किए गए इस कार्य को शुरूआती दौर में लोगों ने असंभव बताते हुए उपहास किया। 1948 में महात्मा गांधी की हत्या के आरोपों और 1975 के आपातकाल में संघ ने कठोर विरोध व प्रतिबंधों का सामना किया। इसके बावजूद स्वयंसेवकों ने सत्याग्रह और जेल यात्राएं कीं तथा संगठन का कार्य नहीं रुका। उन्होंने डॉ. हेडगेवार के साहस, निर्भीकता और राष्ट्रनिष्ठा को संघ की मूल प्रेरणा बताया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और केशव अर्चना के साथ हुआ। अतिथियों का परिचय क्षमाशील मिश्रा ने कराया। उल्लास वैद्य और प्रशांत शर्मा ने अतिथियों को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।

## भारतीय डाक कर्मचारी संघ का द्विवार्षिक अधिवेशन 12 को

ब्रह्मास्त्र ⏩ उज्जैन

भारतीय डाक कर्मचारी संघ मालवा संभाग उज्जैन का संयुक्त द्विवार्षिक अधिवेशन 12 अप्रैल 2026 को शहर के आश्रय होटल में आयोजित किया जाएगा। इस अधिवेशन का उद्घाटन प्रातः 11 बजे भारतीय मजदूर संघ के विभाग प्रमुख सतीश शर्मा द्वारा किया जाएगा।

कार्यक्रम में उज्जैन-आलोट संसदीय क्षेत्र के सांसद अनिल फिरोजिया विशिष्ट मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। अधिवेशन की अध्यक्षता भारतीय मजदूर संघ के पूर्व अध्यक्ष शिवचरण शर्मा करेंगे। इसके अलावा, भारतीय डाक कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री अनंत पाल, राष्ट्रीय संगठन मंत्री ख्यालीराम शर्मा और प्रांतीय सचिव जुझार सिंह विशेष अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इस महत्वपूर्ण अधिवेशन में कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया जाएगा। इसके साथ ही, संघ की पिछले दो वर्षों की गतिविधियों और आय-व्यय का लेखा-जोखा भी सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। संभागीय सचिव द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, अधिवेशन समिति के सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने की कामना की है। इन सदस्यों में जगदीश चंद्र उपाध्याय, विजय पंत, एस.एन. झा, अनिल शर्मा, मुकेश त्रिपाठी, कौशल वर्मा, निर्मल पोरवाल, अभिषेक कुमार, भूपेन्द्र मालवीय, संजय शर्मा और हरीश सोनी शामिल हैं।

# प्रोत्साहन राशि नहीं मिलने से स्वास्थ्य कर्मचारियों में आक्रोश, सीएमएचओ को सौंपा ज्ञापन

### न्यू बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने उठाई आवाज, अनमोल और एनसीडी पोर्टल पर अतिरिक्त कार्य के एक वर्ष से लंबित भुगतान की मांग

ब्रह्मास्त्र ⏩ उज्जैन



जिले के स्वास्थ्य कर्मचारियों में अतिरिक्त कार्य की प्रोत्साहन राशि का एक वर्ष से भुगतान न होने पर भारी आक्रोश है। न्यू बहुद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी संघ जिला उज्जैन ने काम के लेंगे पूरे दाम के नारे के साथ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर जल्द भुगतान की मांग की है।

संघ ने बताया कि जिले के अधिकांश सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर द्वारा अपने अधीनस्थ उप स्वास्थ्य केंद्रों पर कार्यरत एएनएम और एमपीडब्ल्यू कर्मचारियों से मूल कार्य के अतिरिक्त अनमोल पोर्टल, एनसीडी क्लीनिक, यू-विन पोर्टल और अन्य पोर्टलों पर कार्य कराया जा रहा है। मध्य प्रदेश शासन द्वारा इस अतिरिक्त कार्य के लिए मानदेय टीबीआई एवं पीबीआई दी जाती है। कर्मचारियों का आरोप है कि उन्हें पिछले एक साल से यह राशि नहीं मिली है। ज्ञापन में बताया गया कि लेखा शाखा द्वारा बजट उपलब्ध नहीं होने का हवाला दिया जाता है, जबकि सीएचओ को इस राशि का भुगतान किया जा चुका है। संघ ने मांग की है कि सभी ब्लॉक मेडिकल ऑफिसरों को जल्द से जल्द लंबित मानदेय का भुगतान करने के लिए आदेशित किया जाए।

ज्ञापन सौंपने के दौरान संघ के कई पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे। इनमें संभागीय अध्यक्ष एमआर मंसूरी, संभागीय उपाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण गहलोत, संभागीय सचिव संजय सिसोदिया, प्रांतीय महामंत्री राजेंद्र अहिरवार, प्रांतीय संगठन मंत्री व जिला उपाध्यक्ष शकुंतला कौशल, जिला अध्यक्ष एसपी अहिरवार, जिला सचिव पीएन कटारिया, जिला सहसचिव एमडी अहिरवार, जिला प्रवक्ता संजय पुरिया, जिला संयोजक अजय परमार, ताजपुर ब्लॉक अध्यक्ष, बड़नगर ब्लॉक अध्यक्ष व मीडिया प्रभारी महेश धनेलिया सहित जीआर अहिरवार, विजय परमार और अंजुम कुरेशी उपस्थित थे। इसके अलावा घटिया ब्लॉक से अध्यक्ष विनीता भटनागर, पुष्पा परिहार, उपाध्यक्ष समीक्षा पार्टी, प्रवक्ता विनीता परमार, संयोजक आराधना जायसवाल, सचिव अनुराधा सिंह, कोषाध्यक्ष करण ठाकुर, महामंत्री विक्टोरिया जब, सह सचिव रेखा हनोतिया, सहसंयोजक डिंपल सूर्यवंशी, कार्यकारी अध्यक्ष मालती अहिरवार, मीडिया प्रभारी सुशील पवार, संगठन मंत्री नविता शर्मा, सह मीडिया प्रभारी सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घटिया की समस्त एएनएम मौजूद रहीं।

# उज्जैन में 549वां जगद्गुरु श्रीमद वल्लभाचार्य जयंती महोत्सव 11 से

### 5 दिवसीय उत्सव में निकलेगी शोभायात्रा, भजन संध्या के साथ ही होंगे विविध मनोरथ

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

पुष्टिमार्गीय वैष्णव संप्रदाय के प्रवर्तक जगद्गुरु अखण्ड भूमण्डलाचार्य महाप्रभु श्री वल्लभाचार्यजी का 549वां प्रागट्य महोत्सव शहर में 11 से 15 अप्रैल तक धूमधाम से बैठक के ट्रस्टी विट्ठल नागर के नेतृत्व में मनाया जाएगा। प्रधानगृह आचार्य श्री महाप्रभुजी बैठक ट्रस्ट परिवार और समस्त पुष्टिमार्गीय वैष्णव समाज उज्जैन के तत्वावधान में गोमतीकुण्ड मंगलनाथ रोड़ स्थित बैठक पर ये पांच दिवसीय आयोजन होंगे।

यह ऐतिहासिक महोत्सव गो.ति. श्री 108 श्री इन्द्रदमन जी राकेशजी महाराजश्री के आशीर्वाद तथा चि. श्री भूपेशकुमारजी श्री विशाल बावा और चि. श्री लालगोविन्दजी श्री अधिराज बावा की आज्ञानुसार आयोजित किया जा रहा है। मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी ने बताया कि मध्य प्रदेश की एकमात्र आचार्य श्री महाप्रभुजी की बैठक पर यह उत्सव मनाया जा रहा है। महोत्सव के तहत 11 अप्रैल को सुबह 11.30 बजे गोला मंडी स्थित श्री पुरुषोत्तमजी की हवेली में फूल बंगला मनोरथ और शाम 7.30 बजे सराफा स्थित श्री मदनमोहनजी की हवेली में बधाई गान एवं अष्टाक्षर महामंत्र जाप होगा। 12 अप्रैल को रात्रि 7.30 बजे बुधवारिया स्थित खण्डेलवाल धर्मशाला में भव्य भजन संध्या आयोजित होगी, जिसमें हातोद वाले पं. शुभम कृष्ण दुबे भजनों की प्रस्तुति देंगे। इस अवसर पर वैष्णव समाज के अध्यक्ष और सचिव का सम्मान किया जाएगा।

मुख्य पर्व 13 अप्रैल को श्री वल्लभाचार्य जयंती पर सुबह 7 बजे श्री मदनमोहनजी की हवेली से प्रभात फेरी निकाली जाएगी। श्री महाप्रभुजी की बैठक में केसर स्नान और फूल बंगला राजभोग होगा। इसी दिन शाम 6.30 बजे गो. श्री 108 श्री दिव्येशकुमारजी महाराजश्री इन्दौर-नाथद्वारा के सानिध्य में मानव भवन क्षीरसागर से निकास चौराहा तक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसमें पुरुषों से कुर्ता-पाजामा और महिलाओं से केसरिया या पीली साड़ी पहनकर आने का अनुरोध किया गया है। रात्रि 9.30 बजे महाप्रसादी होगी। 14 अप्रैल को ढाबारोड़ स्थित श्रीनाथजी की हवेली में फूल बंगला राजभोग तथा सुबह 9.30 बजे श्री महाप्रभुजी की बैठक में श्री वल्लभाचार्यजी द्वारा रोपित पीपलजी का दुग्धस्नान होगा। रात्रि 7.30 बजे सिंहपुरी स्थित श्री गोवर्धननाथजी की हवेली में श्री यमुनाष्टक पाठ और श्री वल्लभ साखी का आयोजन होगा। 15 अप्रैल को शाम 7 बजे श्री महाप्रभुजी की बैठक में पना मनोरथ व पुष्प वितान के साथ महोत्सव का समापन होगा। आयोजन में सह संयोजक श्याम माहेश्वरी, जितेन्द्र गाँधी, आनंद पुरोहित, शैलेन्द्र राठी और मनीष नागर हैं। कार्यक्रमों में श्री वल्लभ वैष्णव मण्डल, श्री वल्लभ वैष्णव युवा मण्डल, श्री वल्लभ वैष्णव महिला मण्डल, अ.पु. वैष्णव परिषद शाखा, अ.पु. वैष्णव परिषद युवा शाखा और अ.पु. वैष्णव परिषद महिला मण्डल सहयोगी संस्थाएं रहेंगी।

## खबर एक नजर...

### प्रधानमंत्री मोदी से वर्चुअल संवाद करेंगे अंकित शर्मा चतुर्वेदी

**उज्जैन।** माय भारत बजट क्वेस्ट 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अंकित शर्मा चतुर्वेदी ने प्रतियोगिता के अंतिम चरण में अपना स्थान पक्का कर लिया है। अपनी प्रतिभा और परिश्रम के बल पर उन्होंने देशभर के 12 लाख से अधिक प्रतिभागियों के बीच यह गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। अब अंकित को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ वर्चुअल संवाद करने का अवसर मिलेगा। केंद्रीय बजट 2026 के प्रति आम नागरिकों और विशेषकर युवाओं की समझ बढ़ाने के उद्देश्य से यह बहु-स्तरीय राष्ट्रीय प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। युवाओं को नीति-निर्माण प्रक्रिया से जोड़ने वाली इस प्रतियोगिता में ऑनलाइन क्विज और निबंध लेखन जैसे चरणों के माध्यम से प्रतिभागियों की बौद्धिक क्षमता का मूल्यांकन किया गया। इन सभी चरणों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अंकित ने यह बड़ी सफलता प्राप्त की है। अंतिम चरण का यह भव्य कार्यक्रम 12 और 13 अप्रैल 2026 को भोपाल के एलएनसीटी कॉलेज स्थित आर्यभट्ट सभागार में आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन में देश भर से चुने गए प्रतिभाशाली युवा एक साथ विचार-विमर्श कर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका को सशक्त करेंगे। राष्ट्रीय स्तर के इस प्रतिष्ठित मंच तक पहुंचने पर अंकित के परिवार, शिक्षकों और समूचे उज्जैन क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है। उनकी यह सफलता युवाओं के लिए एक बड़ी प्रेरणा है।

### 12 अप्रैल को होगा दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन का 30वां राष्ट्रीय अधिवेशन

**उज्जैन।** दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन का 30वां राष्ट्रीय अधिवेशन 12 अप्रैल 2026 को राजस्थान में खानपुर के समीप चांदखेड़ी स्थित श्री आदिनाथ दिगंबर जैन चंद्रोदय अतिशय क्षेत्र में आयोजित किया जाएगा। इस वृहद आयोजन को संपन्न कराने की जिम्मेदारी इस वर्ष उज्जैन रीजन को सौंपी गई है। उज्जैन रीजन के अध्यक्ष नवीन जैन 'डेजी' ने बताया कि फेडरेशन से संबद्ध लगभग 350

# उज्जैन में 12 अप्रैल को सजेगा रंग बैसाखी एग्जीबिशन, फैशन, फूड और फन का होगा संगम

### महिलाओं के लिए ग्रैंड फ्री हौजी तो बच्चों के लिए होंगी क्राफ्ट एक्टिविटीज

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

शहर के देवास रोड स्थित होटल आश्रय में 12 अप्रैल रविवार को दीप दीवास एवं लक्ष्य के तत्वावधान में रंग बैसाखी एग्जीबिशन का भव्य आयोजन किया जा रहा है। मॉम एंड किड्स स्पेशल थीम पर आधारित इस एग्जीबिशन का शुभारंभ डॉ. सतिंदर सलूजा, डॉ. अनुराधा पंचोली और समाजसेविका सुमीना लिग्गा करेंगी। यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे से रात 11 बजे तक चलेगा। इस एग्जीबिशन में फैशन, लाइफस्टाइल और फेस्टिव कलेक्शन की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध रहेगी। खरीदारी के लिए विशेष तौर पर बॉम्बे से द कौर स्टॉल्स और इंदौर से नेहा कटारिया की स्टॉल लगाई जा रही है। इसके अतिरिक्त कई अन्य बेहतरीन शॉपिंग स्टॉल्स के साथ-साथ इंदौर के स्वादिष्ट व्यंजनों वाले फूड स्टॉल्स भी ग्राहकों के लिए मौजूद रहेंगे। आयोजन में महिलाओं और बच्चों के मनोरंजन के लिए विशेष गतिविधियां रखी गई हैं। बच्चों के लिए दोपहर 1 से 3 बजे तक विंटेज बेक्स की वैशाली भटनागर द्वारा फ्री बेकिंग और फायरलेस कुकिंग सिखाई जाएगी। वहीं, पटेल आर्ट स्टूडियो द्वारा शाम 4 बजे से रात 9 बजे तक क्राफ्ट एक्टिविटीज का आयोजन किया जाएगा।

# अन्नपूर्णा ग्रुप के अध्यक्ष स्व. सुभाष यादव की जयंती पर जल मंदिर का शुभारंभ

### फव्वारा चौक पर राहगीरों और मजदूरों को मिलेगी राहत



उज्जैन। अन्नपूर्णा ग्रुप के अध्यक्ष स्वर्गीय सुभाष यादव की जयंती के अवसर पर अन्नपूर्णा ग्रुप परिवार द्वारा उनकी पावन स्मृति में फव्वारा चौक पर जल मंदिर (प्याऊ) का शुभारंभ किया गया। साथ ही एक चलित भंडारे का आयोजन भी किया गया। यह पहल विशेष रूप से भीषण गर्मी में आमजनों और मजदूरों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से की गई है।

सुखदेव यादव ने बताया कि स्व. सुभाष यादव जी एक सेवाभावी व्यक्ति थे, जिन्होंने अपना पूरा जीवन फव्वारा चौक क्षेत्र में आम लोगों और मजदूर वर्ग की भलाई के लिए समर्पित कर दिया। उनके असमय निधन के बाद उनकी याद में यह जल मंदिर शुरू किया गया है, जो उनकी सेवा भावना को हमेशा याद दिलाएगा।

कार्यक्रम के दौरान पक्षियों के लिए 100 से अधिक जल पात्र (सकोरे) भी बांटे गए, ताकि गर्मी में पक्षियों को भी पानी मिल सके। इस अवसर पर मुख्य रूप से अन्नपूर्णा ग्रुप के संरक्षक योगेश शर्मा, शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी, पार्षद प्रेमलता ओम रामी, पार्षद अर्पित दुबे, अशोक जैन, अशोक सारवान, गोपाल बागरवाल, बंटी चौरसिया, प्रतीक जैन, संचित शर्मा, ललित मीणा, सनत बगरवाल, अरमान, देवव्रत यादव, राजेंद्र वर्मा, अनिल दाता, बंटी राठी, शैलेंद्र परमार, धर्मेंद्र गुप्ता, महेश सुगंधी, केदार परिहार, राकेश चौहान, आजम शेख, बादल गुप्ता, अंकित यादव, अंकित नारोलिया, वैभव ठाकुर और यश महेश्वरी सहित कई लोग मौजूद रहे। सभी ने स्व. सुभाष यादव को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# होम्योपैथी जटिल और पुराने रोगों के उपचार में कारगर: महापौर



### विश्व होम्योपैथी दिवस पर शासकीय चिकित्सालय में जागरूकता कार्यक्रम, लायंस क्लब ऊर्जा ने किया डॉ. पंकज पाटीदार का सम्मान



ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

विश्व होम्योपैथी दिवस और इस पद्धति के संस्थापक डॉ. हैनीमैन की जयंती के अवसर पर शासकीय होम्योपैथी चिकित्सालय बसंत विहार में जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि महापौर मुकेश टटवाल ने होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के महत्व, इसकी प्रभावशीलता और सुरक्षित उपचार प्रणाली पर प्रकाश डाला।

संभाग आयुष अधिकारी डॉ. ज्योति पांचाल ने बताया कि होम्योपैथी न केवल रोगों का उपचार करती है, बल्कि यह शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी मजबूत बनाती है। वहीं, डॉ. मनीषा पाठक ने कहा कि इस पद्धति के माध्यम से जटिल और दीर्घकालिक रोगों का भी प्रभावी इलाज संभव है।

इस अवसर पर लायंस क्लब ऊर्जा उज्जैन द्वारा शहर के प्रतिष्ठित होम्योपैथी चिकित्सक डॉ. पंकज पाटीदार का अभिनंदन किया गया। खाचरोद विधायक और वरिष्ठ होम्योपैथी चिकित्सक डॉ. तेजबहादुर सिंह चौहान के हाथों डॉ. पाटीदार का सम्मान हुआ। लायन संजीव आचार्य ने कहा कि डॉ. पाटीदार वर्षों से सादगी और सहृदयता के साथ मरीजों को निरंतर चिकित्सा सेवा प्रदान कर रहे हैं।

कार्यक्रम में लायन वी.के. गोयल, जे.पी. पंचारिया, डॉ. राममोहन शुक्ला और क्लब के पूर्व अध्यक्ष ओ.पी. जाटव विशेष रूप से उपस्थित थे। इस दौरान डॉ. सिमरन बग्गा, डॉ. सुमती सिंह, बड़नगर के डॉ. आशीष तिवारी, नजरपुर के डॉ. पवन पाटीदार, सुवासा के डॉ. दशरथ पाटीदार, डॉ. रमेश आर्य, डॉ. तरण तारण खालसा, डॉ. आर. मारोठिया, डॉ. दीपक पिंडावाला, डॉ. ललित नागर, डॉ. डी.एस. तोमर, डॉ. पायल त्रिपाठी, डॉ. ममता व्यास, डॉ. भारती श्रीवास्तव, डॉ. योगेश स्वर्णकार, डॉ. भरत शर्मा, डॉ. सज्जन सिंह परिहार, डॉ. योगेंद्र तिवारी, डॉ. बृजेश पवार और डॉ. यश पिंडावाला सहित अनेक चिकित्सक एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

कार्यक्रम का संचालन आनंद विभाग के जिला समन्वयक डॉ. प्रवीण जोशी ने किया।

## मालव रक्षा अनुष्ठान ने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री सहित आला अधिकारियों को भेजा पत्र

# मतदाता सूची विवाद: शांतिपूर्ण सत्याग्रह पर एफआईआर के विरोध में 27 अप्रैल को कमिश्नर कार्यालय पर प्रदर्शन की चेतावनी

### 26 अप्रैल तक केस वापस न लेने पर राजभवन और जंतर-मंतर तक आंदोलन की दी चेतावनी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

नागदा में मतदाता सूची पुनरीक्षण में हुई कथित अनियमितताओं का विरोध करने पर दर्ज की गई एफआईआर के खिलाफ मालव रक्षा अनुष्ठान ने मोर्चा खोल दिया है। संस्था के संयोजक अधिवक्ता सत्यनारायण पुरोहित (आचार्य सत्यम्) ने पुलिस की इस कार्रवाई को निरंकुश दमन बताते हुए 26 अप्रैल तक दर्ज प्रकरण वापस लेने की मांग की है। ऐसा न होने पर 27 अप्रैल को उज्जैन कमिश्नर कार्यालय पर दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक सांकेतिक सत्याग्रह किया जाएगा।

मालव रक्षा अनुष्ठान द्वारा राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, नेता प्रतिपक्ष सहित अन्य शीर्ष अधिकारियों को भेजे गए सूचना पत्र के अनुसार, नागदा के वार्ड क्रमांक 11 में मतदाता सूची पुनरीक्षण के दौरान सत्तारूढ़ दल के दबाव में बीएलओ द्वारा अनियमितताएं की जा रही थीं। इसका विरोध करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता और पूर्व पार्षद फिरोज आजम ने अपने सहयोगियों के साथ शांतिपूर्ण सत्याग्रह किया था।

आरोप है कि इस आंदोलन को कुचलने के लिए नागदा पुलिस ने दुर्भावनापूर्ण तरीके से बीएनएस की धारा 132 और 223 ए के तहत अपराध क्रमांक 136/2026 दर्ज कर फिरोज आजम को गिरफ्तार कर लिया।

पत्र में बताया गया है कि 27 जनवरी 2026 को हुए इस सत्याग्रह में शामिल वार्ड 11 के नागरिक जावेद, असलम मिर्जा, अमान, जाकिर मिर्जा, गुल्ला, रफीक खां, मदीना मस्जिद के सदर जावेद और ऑटो चालक नासिर यासीन शाह के खिलाफ भी पुलिस ने दमनात्मक कार्रवाई की है। हद तो तब हो गई जब सत्याग्रह में शामिल नहीं होने के बावजूद आंगनवाड़ी सहायिका शगुफ्ता मेव को भी इसी प्रकरण में आरोपी बना दिया गया।

### दो माह बाद दबाव में की गई कार्रवाई

संस्था का आरोप है कि घटना के दो माह बाद पुलिस के एक कथित दलाल पत्रकार और सत्तारूढ़ दल के नेताओं के दबाव में यह कार्रवाई की गई है। मालव रक्षा अनुष्ठान ने चेतावनी दी है कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए यदि 26 अप्रैल 2026 तक यह दुर्भावनापूर्ण प्रकरण वापस नहीं लिया जाता है, तो 27 अप्रैल को संभागायुक्त कार्यालय के समक्ष धरना दिया जाएगा। इसके बाद भी न्याय नहीं मिलने पर राजभवन और देश की राजधानी दिल्ली के जंतर-मंतर पर सत्याग्रह किया जाएगा।

## खबर एक नजर...

### जनगणना 2027 के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना : 1 से 30 मई तक की जाएगी

**उज्जैन।** प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी एवं कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्टर कार्यालय के सभागृह में जिला जनगणना समन्वय समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला नोडल जनगणना अधिकारी एवं अपर कलेक्टर श्री शाश्वत शर्मा, जिला नगर जनगणना अधिकारी एवं नगर निगम अपर आयुक्त श्री संतोष टैगोर , जिला जनगणना प्रभारी श्री तेजेंदर सिंह, अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी एवं जिला सांख्यिकी अधिकारी श्रीमती राजश्री सांखला तथा जिला जनगणना समन्वय समिति के सदस्य और संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में जानकारी दी गई कि जनगणना 2027 के अंतर्गत प्रथम चरण में 01 मई से 30 मई तक मकान सूचीकरण और मकानों की गणना की जाएगी। प्रगणक और पर्यवेक्षक द्वारा घर-घर दस्तक देकर मकान सूचीकरण का कार्य 01 मई 2026 से 30 मई 2026 तक किया जाएगा। मकान सूचीकरण के कार्य के लिए स्?वगणना का विकल्?प 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक प्रथम चरण के पूर्व 15 दिन तक उपलब्?ध रहेगा।

## मानव अधिकार आयोग अध्यक्ष ने पशुपतिनाथ के दर्शन कर ली जिला अधिकारियों की बैठक



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंदसौर

मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष डॉ. अवधेश प्रताप सिंह ने शुक्रवार को मंदसौर प्रवास के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों में सहभागिता की और जिला अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक कर मानवाधिकारों के संरक्षण की दिशा में कड़े निर्देश दिए। प्रवास के प्रारंभ में डॉ. सिंह ने भगवान पशुपतिनाथ के मंदिर पहुँचकर पूजा-अर्चना की । इसके पश्चात उन्होंने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा से आत्मीय भेंट कर विभिन्न जनहितैषी मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। जिले में आगमन पर जिला प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और समाजसेवी संगठनों ने उनका स्वागत किया।

सर्किट हाउस में आयोजित जिला अधिकारियों की समीक्षा बैठक के दौरान डॉ. अवधेश प्रताप सिंह ने मानवाधिकार उल्लंघन से संबंधित लंबित प्रकरणों पर गंभीरता जताते हुए उनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्रीमती दिती गर्ग, एसपी विनोद कुमार मीना, जिला पंचायत सीईओ अनुकूल जैन और एएसपी श्री बघेल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। डॉ. सिंह ने विशेष रूप से मंदसौर-सीतामऊ रोड की जर्जर हालत और वहाँ होने वाली दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए एमपीआरडीसी के अधिकारियों को तत्काल सड़क सुधार कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्लेट पेंसिल उद्योग में कार्यरत श्रमिकों के स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता बरतने और उनका समय-समय पर टीबी (सिलिकोसिस) परीक्षण सुनिश्चित करने को कहा। पेयजल व्यवस्था की समीक्षा करते हुए उन्होंने सीएमओ से जल परीक्षण और शुद्ध आपूर्ति पर चर्चा की, वहीं एसपी से जिले में ड्रग्स एवं तस्करी के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई की जानकारी ली। डॉ. सिंह ने स्पष्ट किया कि मानवाधिकारों का संरक्षण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए और आमजन को न्याय दिलाने में किसी भी स्तर पर देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।अपने प्रवास के दौरान अध्यक्ष डॉ. सिंह दलोदा स्थित भगवान महावीर स्वास्थ्य केंद्र भी पहुँचे, जहाँ उन्होंने रोटरी क्लब द्वारा संचालित डायलिसिस केंद्र का अवलोकन किया।

### संजीत नाका क्षेत्र में आयुष्मान आरोग्य शिविर हुआ आयोजित

मन्दसौर। जिले में संचालित 100 दिवसीय आयुष्मान आरोग्य अभियान के अंतर्गत शहर के हाई रिस्क क्षेत्र संजीत नाका और लक्ष्मीबाई चौराहा पर एक विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर अदिति गर्ग के मार्गदर्शन, सीएमएचओ डॉ. गोविन्द सिंह चौहान के सानिध्य में आयोजित इस शिविर का शुभारंभ क्षेत्रीय पार्षद सत्यनारायण भांभी ने किया। शिविर का मुख्य उद्देश्य श्रमिक वर्ग को उनके निवास के समीप ही बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना था। शिविर में विशेष रूप से टीबी (क्षय रोग) के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया। स्वास्थ्य विभाग के विशेषज्ञों ने नागरिकों को बताया कि लंबे समय तक खांसी या बुखार रहने पर तुरंत जांच करानी चाहिए, क्योंकि समय पर इलाज से टीबी पूरी तरह ठीक हो सकती है।

## डिप्टी सीएम श्री देवड़ा गांव चलो अभियान में हुए शामिल



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर

भारतीय जनता पार्टी के ञ्गांव चलो, बस्ती चलो अभियानञ् के तहत प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने मल्हारगढ़ विधानसभा के विभिन्न गांवों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की। श्री देवड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी नीतियों के कारण आज भारत विश्व पटल पर एक सशक्त राष्ट्र बनकर उभरा है। उन्होंने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पहले छोटे-छोटे विकास कार्यों का महीनों ढोल बजाया जाता था, जबकि वर्तमान भाजपा सरकार में एक कार्य पूर्ण होने से पहले ही विकास की दूसरी सौगात मिल जाती है। उन्होंने लाड़ली बहना, आयुष्मान भारत, उज्ज्वला और किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं का उल्लेख करते हुए बताया कि समाज के अंतिम व्यक्ति का आर्थिक सशक्तिकरण ही सरकार का मुख्य लक्ष्य है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने भी संबोधित किया। इस दौरान नानालाल अटोलिया, रणजीत सिंह चौहान, जीवन शर्मा, सुनील जैन, विनय जांगिड़, रामरतन अटेला, हिम्मत डांगी, बंसीलाल पाटीदार, पुष्कर बैरागी, देवी लाल सिसोदिया, रामप्रसाद नायक, रघुनाथ सिंह चंद्रावत सहित भाजपाजन उपस्थित रहे।

## कालिका माता मंदिर लोक और विरुपाक्ष महादेव मंदिर नए स्वरूप में विकसित होगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

राज्य शासन द्वारा रतलाम जिले में कालिका माता मंदिर लोक और विरुपाक्ष महादेव मंदिर बिलपाक को नए स्वरूप में विकसित करने संबंधी कार्य योजना तैयार की गई है। इस संबंध में कैबिनेट मंत्री एवं सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्री चैतन्य काश्यप मध्यप्रदेश शासन, विधायक रतलाम ग्रामीण मथुरालाल डामोर, महापौर प्रहलाद पटेल, कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान इंजीनियर ने रतलाम शहर के कालिका माता मंदिर परिसर और विरुपाक्ष महादेव मंदिर बिलपांक को नए स्वरूप में विकसित करने हेतु नक्शा एवं आमजन को आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने के संबंध में विस्तार से प्रेजेंटेशन दिया। कार्य योजना के अनुसार रतलाम शहर के झाली तालाब के आसपास सुंदर डेकोरेशन लाइटिंग एवं दुर्गा माता के ९ स्वरूपों की आकर्षक झांकी तैयार की जाएगी। आने जाने वाले लोगों के लिए सुलभ रूप में दर्शन व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, फूड् जोन, बैठने की व्यवस्था, लाइटिंग व्यवस्था, झाली तालाब का सौंदर्यकरण, बाउंड्री वॉल, श्रद्धालुओं के लिए गरबा स्थल की व्यवस्था, पेड़ पौधों को आकर्षक रूप से सुसज्जित करने, आदि के संबंध में विस्तार से चर्चा कर कार्ययोजना बनाई गई। कालिका माता मंदिर लोक का निर्माण होने के बाद परिसर अपने नए स्वरूप में निखरेगा। कालिका माता मंदिर परिसर में मेला लगने के उचित स्थान की व्यवस्था, दुकानों की व्यवस्था आदि के संबंध में भी कार्य योजना तैयार की गई। विरुपाक्ष महादेव मंदिर बिलपांक के मंदिर में मुख्य मंदिर तथा आसपास के चारों मंदिर का आवश्यक सुधार कार्य करते हुए नवीनीकृत किया जाएगा। मंदिर के आसपास परकोटा बनेगा। आमजन की सुविधा अनुसार मंदिर के दर्शन लिए आवागमन की व्यवस्था, पार्किंग की व्यवस्था, आसपास की सभी सड़कों से आवागमन की व्यवस्था आदि की कार्य योजना बनाई गई। दांतोडिया रोड से ग्राम मऊ फंटा तक का डेढ़ किलोमीटर का मार्ग पीडब्ल्यूडी के सहयोग से बनाने के संबंध में चर्चा की गई। कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह ने विकास कार्य संबंधित क्षेत्र के अतिक्रमण की स्थिति आबादी की स्थिति, निजी भूमि की स्थिति, शासकीय भूमि की स्थिति एवं कार्य में होने वाले व्यय का आकलन संबंधित अधिकारियो एंव इंजिनीयर को १४ अप्रैल तक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान बिलपांक के समाजसेवी अशोक पाटीदार, एसडीएम रतलाम ग्रामीण विवेक सोनकर, तहसीलदार आशीष उपाध्याय, परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण अरुण कुमार पाठक, सब इंजीनियर पुरातत्व विभाग इंदौर अंकित चौहान, मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग से राजकुमार रघुवंशी, आर्किटेक्ट सागर जगवानी, कार्यपालिका यंत्री मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग मनीष डहरिया उपस्थित थे।



### रतलाम सहित कुल 5 स्टेशनों पर शीतल जल की उचित व्यवस्था के लिए 7 संस्थाओं को अनुमति

रतलाम। 'जल ही जीवन हैङ्ग यह सार्वभौमिक रूप से सत्य है। गर्मी के समय में जल की आवश्यकता और अधिक होती है और उसमें भी यदि जल शीतल हो तो उसकी तो बात ही अलग है। इन्हीं बातों को दृष्टिगत रखते हुए पश्चिम रेलवे का रतलाम मंडल सतर्क है तथा इस संदर्भ में मंडल रेल प्रबंधक के निर्देशन में संबंधित विभागों द्वारा प्लेटफार्मों पर पानी की सुगम उपलब्धता हेतु निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। रतलाम मंडल के वाणिज्य विभाग द्वारा यात्रियों को अपने सीट पर ही पीने के लिए शीतल जल उपलब्ध हो इसके लिए विभिन्न सामाजिक संगठनों से संपर्क कर, गैर सरकारी संगठनों एवं अन्य सामाजिक संगठनों द्वारा स्टेशनों पर पानी पिलाने हेतु अनुमति प्रदान की जा रही है ।

## स्वच्छता स्वाभिमान अभियान अंतर्गत सफाई मित्रों का सम्मान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ पिपलिया मंडी

नगर परिषद पिपलियामंडी द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 स्वच्छता स्वाभिमान अभियान अंतर्गत सफाई मित्रों का किया गया सम्मान एवं स्वास्थ्य सुरक्षा प्रशिक्षण स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 में अपनी दावेदारी को मजबूती से पेश करने और शहर को स्वच्छता की रैंकिंग में शीर्ष पर पहुँचाने के संकल्प के साथ नगर परिषद पिपलिया मंडी द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। परिषद कार्यालय में आयोजित इस गरिमामय कार्यक्रम में शहर की स्वच्छता की धुरी कहे जाने वाले सफाई मित्रों का सम्मान किया गया एवं उनकी सुरक्षा व स्वास्थ्य पर विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया।

सफाई मित्रों का सम्मानः 'स्वच्छता के असली हीरो' कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री प्रवीण सेन और उपयंत्री श्री राजेश उपाध्याय परिषद के पदाधिकारियों द्वारा सफाई मित्रों के पुष्पहारों से स्वागत के साथ हुई। अधिकारियों ने कहा कि



पिपलिया मंडी को सुंदर और स्वच्छ बनाने का वास्तविक श्रेय इन कर्मठ सफाई मित्रों को जाता है, जो हर मौसम में शहर की स्वच्छता के लिए तत्पर रहते हैं। उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित भी किया गया। स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रशिक्षण पर जोरकेवल सम्मान ही नहीं, बल्कि सफाई मित्रों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए एक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित किया गया। इस दौरान विशेषज्ञों ने निम्नलिखित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी दीः किट का महत्वः कार्य के दौरान दस्ताने, मास्क, जूते और जैकेट का नियमित उपयोग क्यों अनिवार्य है।सुरक्षित कचरा संग्रहणः कचरा उठाते समय संक्रमण से बचाव के वैज्ञानिक तरीके। नियमित स्वास्थ्य जांचः सफाई मित्रों को उनके स्वास्थ्य अधिकारों और सरकार द्वारा दी जाने वाली स्वास्थ्य बीमा योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। नगर परिषद के अधिकारियों ने इस अवसर पर आम नागरिकों और सफाई अमले को संबोधित करते हुए कहाः ₹स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 हमारे लिए केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि पिपलिया मंडी को एक आदर्श शहर बनाने का अवसर है।

## पुण्य बढ़ाने से हमारे अशुभ कर्मों का बोझ कम होता- गुरुदेव महेंद्र ऋषि

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जावरा

श्रमण संघीय युवाचार्य प्रज्ञा महर्षि आगम ज्ञाता पूज्य गुरुदेव महेंद्र ऋषि म सा हित मित भाषी पूज्य गुरुदेव हितेंद्र ऋषि म सा तपस्वी पूज्य गुरुदेव धवल ऋषि म सा नव दीक्षित पूज्य महक ऋषि म सा आदि ठाना 4 एवं खानदेश भूषण महासति दिव्य ज्योति म सा मधुर व्याख्यानी महासती सुचेता म सा आदि ठाना 9 का जयकारो के साथ महावीर कॉम्प्लेक्स से शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए दिवाकर भवन पर भव्य मंगल प्रवेश हुआ ।

दिवाकर भवन पर का धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी की वैलिडिटी यानी कि आयुष्य सीमित अवधि की है। उसमें भी हम धार्मिक गतिविधियां करने में कतराते हैं ।धार्मिक क्रियाकलाप करने पर कुछ न कुछ अड़चन आ ही जाती है । कर्म निर्जरा करने से पुण्य प्रबल होता है ।पुण्य बढ़ाने से हमारे अशुभ कर्मों का बोझ कम होता जाता है । कर्म



निर्जरा त्याग करने से होगी लेकिन त्याग हम बाहर बाहर से करते हैं। दिखावे के लिए करते हैं। त्याग हमें शुभ भावों के साथ करना पड़ेगा ।अपने उदाहरण देते हुए समझाया कि जिस प्रकार पत्थर पर कलर का दाग लग जाता है तो उसे हटाने के लिए उसे पतला करना पड़ता है या ऐसी चीज लगाना पड़ती है जिसमें चिपकने का गुण ना हो इस प्रकार कर्मों को जितना पतला या हल्का करेंगे उतना ही हमारे पुण्य में वृद्धि होगी।

## खबर एक नजर...

### गर्मी में पक्षियों के लिए पानी हेतु उड़ान लिनेस क्लब बुरहानपुर ने बांटे सिकोरे



बुरहानपुर। उड़ान लिनेस क्लब बुरहानपुर की ओर से दिनांक 9 अप्रैल को शाम में मरीचिका गार्डन में पक्षियों को पानी पीने हेतु सिकोरे बांटे गए। गर्मी के मौसम को देखते हुए क्लब के सदस्यों ने मरीचिका गार्डन में आए हुए नागरिकों को सिकोरे भेंट किए। इस दौरान सदस्यों ने लोगों को समझाइश दी कि सभी अपने घर की खिड़कियों और छत पर पानी के सिकोरे रखें और उनमें पक्षियों के लिए दाना पानी भरकर रखें। इससे भीषण गर्मी में पक्षियों को राहत मिलेगी। इस कार्यक्रम में क्लब की फाउंडर और संस्थापक श्रीमती रफत आसिफ खान, क्लब अध्यक्ष श्रीमती सरोज ठाकुर, उपाध्यक्ष श्रीमती इशरत सिद्दीकी, सचिव श्रीमती माधवी सोनोने, कोषाध्यक्ष श्रीमती एकता शिवहरे, श्रीमती मंगला दुबे, श्रीमती अंजू कट्टरवार, श्रीमती नीना गुप्ता आदि उपस्थित थीं।

### 500 किलो चांदी की ऐतिहासिक प्रतिमा हेतु एकनाथ गवली ने दिया सहयोग

नेपानगर। डॉक्टर बी आर अंबेडकर यूथ फाउंडेशन नेपानगर द्वारा बाबा साहेब अंबेडकर जी की 500 किलो चांदी की ऐतिहासिक प्रतिमा स्थापित करने का संकल्प लिया गया है। इस संकल्प को साकार करने हेतु एकनाथ गवली ने फाउंडेशन को १०० ग्राम चांदी भेट की है। एकनाथ गवली ने समस्त भीम अनुयायियों से अपील की कि इस ऐतिहासिक संकल्प को पूरा करने हेतु सभी लोग सहयोग करें। यह प्रतिमा देश की प्रथम प्रतिमा होगी जिससे नगर का नाम और गौरव दोनों बढ़ेगा। साथ ही नगर एक पर्यटन स्थल के रूप में पहचाना जाएगा और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। इस अवसर पर डॉक्टर बी आर अंबेडकर यूथ फाउंडेशन नेपानगर के सभी सदस्य सुनील मोरे, प्रणय गवली, प्रभाकर अडकमोल, जय साल्वे, भास्कर इंगले, सिद्धार्थ तायडे, योगेश अटकड़े, आशीष आदि उपस्थित रहे।

### मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना : 1 से 30 मई तक की जाएगी

उज्जैन। प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी एवं कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्टर कार्यालय के सभागृह में जिला जनगणना समन्वय समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला नोडल जनगणना अधिकारी एवं अपर कलेक्टर श्री शाश्वत शर्मा, जिला नगर जनगणना अधिकारी एवं नगर निगम अपर आयुक्त श्री संतोष टैगोर , जिला जनगणना प्रभारी श्री तेजेंदर सिंह, अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी एवं जिला सांख्यिकी अधिकारी श्रीमती राजश्री सांखला तथा जिला जनगणना समन्वय समिति के सदस्य और संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में जानकारी दी गई कि जनगणना 2027 के अंतर्गत प्रथम चरण में 1 मई से 30 मई तक मकान सूचीकरण और मकानों की गणना की जाएगी।

### स्वास्थ्य विभाग द्वारा मातृ शिशु मृत्यु की समीक्षा की गई

उज्जैन,। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल ने बताया कि विगत दिवस मातृ मृत्यु की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिले में हुई मातृ मृत्युओं का रिव्यू कर मातृ मृत्यु की समीक्षा उपरांत कार्यवाही की गई। जिले के श्रीजी हॉस्पिटल नागदा के चिकित्सक डॉ. अनिल दुबे सर्जन को प्रसव के दौरान लापरवाही बरतने पर कारण बताओ नोटीस जारी किया गया है।इसी प्रकार श्रीमती संतोष मेहर, ए.एन.एम व श्रीमती शहनाज बी, आशा कार्यकर्ता उज्जैन शहरी क्षेत्र वार्ड कमांक 32 व श्रीमती अतिका परवीन, आशा कार्यकर्ता शहरी क्षेत्र वार्ड क्रमांक 30 को गर्भवति महिलाओं का पंजीयन समय पर नहीं कर उचित परामर्श एवं सेवाए दी जा रही है.।

# सिद्धवरकूट बड़वाह सडक का कार्य तय समय सीमा में होगा पूर्ण, ठेकेदार ने दिया गुणवत्तापूर्ण निर्माण का आश्वासन

### 4 करोड़ रूपए की लागत से किया जा रहा है 18 किमी सड़क का निर्माण

**ब्रह्मास्त्र** ▶▶ सनावद/बड़वाह



सिद्धवरकूट से बड़वाह तक बन रही 18 किलोमीटर लंबी सड़क की गुणवत्ता को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। एनएचडीसी द्वारा करीब 4 करोड़ रूपए की लागत से कराए जा रहे इस निर्माण कार्य को गुणवत्ताविहिन बताते हुए स्थानीय ग्रामीणों ने एसडीएम सत्यनारायण दर्रो से लिखित शिकायत की थी। जिसके बाद निर्माण कंपनी ने अपना पक्ष रखते हुए बताया कि कार्य गुणवत्तापूर्ण होगा साथ ही लोगों की मंशा के अनुसार ही निर्माण कार्य किया जाएगा।

ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा था सड़क से डामर और डस्ट उखड़ रही है। जिसके कारण बाइक चालक फिसलकर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। ग्राम रावत पलासिया, मठ पलासिया और सुलगांव सहित आधा दर्जन गांवों के निवासियों ने एसडीएम को शिकायती पत्र दिया था। ग्रामीणों ने बताया ठेकेदार द्वारा मानकों की अनदेखी कर घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने मौके का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों और निर्माण एजेंसी पर कार्रवाई की मांग की है। यह मार्ग सिंहस्थ 2028 की दृष्टि से भी बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। गुणवत्ता पर ग्रामीणों द्वारा उठाए गए सवालों के बाद एनएचडीसी के अधिकारियों ने निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। साथ ही सड़क कार्य की जांच कर अधिकारियों ने ठेकेदार को इंजीनियरिंग मानकों का कड़ाई से पालन करने के र्निर्देश दिए है।

पहली लेयर से किया है बेस तैयार निर्माण कार्य कर रही बीआर गोयल कंपनी के प्रतिनिधि उत्कर्ष शर्मा ने बताया ग्रामीणों की मंशा के अनुसार कार्य होगा। ग्रामीण पहली लेयर बिछाने के बाद सड़क का निर्माण मान रहे हैं। जबकि इसके उपर डामरीकरण का कार्य बाकी है। ईरान युद्ध के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर डामर (बिटुमेन) की भारी किल्लत हो गई है और इसके दामों में 60 से 65 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। कंपनी के मुताबिक रिफाइनरियों से आपूर्ति बाधित होने के कारण कार्य की गति धीमी हुई है। जिसे जल्द ही सुचारू करने का प्रयास किया जा रहा है। शर्मा ने बताया 18 किमी सड़क का निर्माण ग्रामीणों की मंशा के अनुसार ही होगा। जैसा कार्य 10 किमी सड़क का हुआ है वैसी गुणवत्ता के साथ 8 किमी सड़क का निर्माण किया जाएगा। वर्तमान में शेष 8 कमी के हिस्से पर प्राइम कोट और बेस तैयार करने का काम किया जा रहा है।

शर्मा ने बताया 18 किलोमीटर में से 10 किलोमीटर का काम पूरा हो चुका है। शेष हिस्सों में अभी केवल बेस तैयार किया गया है। जिसके उपर 20-25 मिमी का बिटुमिनस कारपेट बिछाया जाना बाकी है। निर्माण एजेंसी का दावा है कि मुख्य सड़क की गुणवत्ता मानकों के अनुरूप है और किनारों पर बिखरा मटेरियल रोलर के दबाव के कारण दिख रहा है। कार्य पूरा होने के बाद लोग भी निर्माण कार्य पर संतोष जाहिर करेंगे। ठेकेदार पक्ष ने ग्रामीणों को आश्वस्त कया है क बढ़ी हुई लागत के बावजूद र्नमाण की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।ि संहस्थ २०२८ की महत्ता को देखते हुए इस मार्ग को निर्धारित समय के भीतर गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने का लक्ष्य रखा गया है।

# भागचंद जैन लायंस क्लब के प्रतिष्ठित इंटरनेशनल प्रेसिडेंट अवार्ड से सम्मानित

**ब्रह्मास्त्र** ▶▶ सनावद



लायंस इंटरनेशनल एवं मिशन 1.5 के लिए सराहनीय सेवाओं और उपलब्धियों को दृष्टिगत रखते हुए लायंस क्लब के इंटरनेशनल प्रेसिडेंट एपी सिंह ने लायंस क्लब सनावद स्नेह के अध्यक्ष ला. भागचंद जैन को प्रतिष्ठित इंटरनेशनल प्रेसिडेंट अवार्ड से सम्मानित किया है। लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 जी-1 की नौंवी डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस याराना में जैन को प्रेसिडेंट अवार्ड पास्ट इंटरनेशनल डायरेक्टर ला.जितेंद्रसिंह चौहान,ला.कमलेश जैन एवं गेट एरिया वाइस लीडर ला.डॉ.कुलभूषण मित्तल ने प्रदान किया और जैन द्वारा संचालित की जा रही सेवा गतिविधियों की सराहना की और कहा कि जैन के नेतृत्व में लायंस क्लब स्नेह नित्य सफलता की ऊंचाइयों को छू रहा है।

इस अवसर पर भागचंद जैन ने कहा कि लायनवाद के आदर्शों के अनुरूप सेवा गतिविधियां और जरूरतमंद लोगों की मदद का कार्य निरंतर जारी रहेगा। हम लायनवाद के विस्तार हेतु संकल्पबद्ध हैं। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ला. अनिल खंडेलवाल,प्रथम वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर जयप्रकाश त्रिपाठी,द्वितीय वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ला.राम जाट,एलसीआईएफ डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर ला.अनिता जैन,सीईओ ला.एनके मेहता,केबिनेट सचिव ला.सिद्धार्थ बंसल,ला.संतोष सोनी, कॉन्फ्रेंस चेयर पर्सन ला.अनिल मोदी,कॉन्फ्रेंस कोषाध्यक्ष ला.अनिल धारीवाल,ला.विनोद जोशी,ला.केसी खंडेलवाल,लायंस क्लब सनावद स्नेह के सचिव विपिन गुप्ता,डायरेक्टर ला.रेणुका गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित थे। कॉन्फ्रेंस का संचालन और आभार प्रदर्शन कॉन्फ्रेंस सचिव ला.संजय डिंगडांग ने किया।



### विधायक ने वरिष्ठ नागरिकों का किया सम्मान

**सुवासरा।** शासकीय हाई स्कूल घसोई के प्राचार्य पद से सेवा निवृत हुए श्री कालूलाल पुश्पाध्याय का क्षेत्रीय विधायक श्री हरदीप सिंह डंग एवं भाजपा कार्यकताओं के द्वारा सम्मान किया गया है उल्लेखनीय यह हे की श्री पुष्पाध्याय के सेवानिवृत्ति कार्यक्रम में कर्नाटक के गवर्नर श्री थावरचंद गहलोत भी सम्मिलित हुए थे पुष्पाध्याय लगातार भाजपा विचारधारा को आगे बढ़ने का कार्य कर रहे हैं वाही सामाजिक कार्यो में भी अपनी सक्रीय भूमिका निभा रहे हे इस अवसर पर शिक्षक गण एवं भाजपा कार्यकार्ता उपस्थित थे।

# बारात में नाचते बारातियों पर पिकअप वाहन ने पीछे से टक्कर मारी

**ब्रह्मास्त्र** ▶▶ मंडलेश्वर



शुक्रवार की दोपहर को महेश्वर थाना के अंतर्गत आने वाले ग्राम गुर्जर मोहना में वाहन दुर्घटना के दौरान लगभग 25 से 30 बारातियों को नाचने के दौरान पीछे से आ रहे एक अनियंत्रित वाहन ने टक्कर मार दी जिसके चलते नाचने वाले सभी 25 से 30 व्यक्ति जिनमें महिला पुरुष युवा वृद्धजन भी शामिल थे बारात सजनीपुरा गुर्जर मोहना से मुकेश डावर के यहां से बारात आ रही थी और देवराम मालीवाड़ घर पर बारात जा रही थी लड़की का घर गुर्जर मोहना बेडीपुरा में है गाड़ी से टक्कर लगने से जो घायल हो गए।

वाहन दुर्घटना की सूचना मिलते ही पूरे गुर्जर मोहना तथा आसपास के गांव में कोहराम मच गया ग्राम वासियों की मदद से सभी घायलों को मंडलेश्वर तथा महेश्वर अस्पताल में रेफर किया गया जहां से 9 मरीज को गंभीर अवस्था में खरगोन रेफर किया गया और बाकी लोग का इलाज चल रहा पर महेश्वर अस्पताल के 6 डॉक्टरों की टीम तथा मंडलेश्वर के 7 डॉक्टर ने सभी मरीजों का तत्काल उपचार किया वाहन दुर्घटना की खबर मिलते ही विधायक राजकुमार मेव , महेश्वर मंडल अध्यक्ष विक्रम पटेल और पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज शर्मा भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महेश्वर और मंडलेश्वर पहुंचे जहां पर घायल मरीजों का हाल जानने के साथ ही बीएमओ डॉक्टर अतुल गौड़ को उपचार के निर्देश दिए

घायलों का हाल जानने के लिए एस डी ओ पी श्वेता शुक्ला, एस डी एम पूर्व मंडलोई, तहसीलदार कैलाश सिस्तया के साथ पुलिस प्रशासन के अधिकारी भी पहुंचे ।

# नेपानगर के वार्ड 21 में 16 लाख रुपए से अधिक की लागत से नवीन सीवरेज लाइन का भूमि पूजन संपन्न

**ब्रह्मास्त्र** ▶▶ बुरहानपुर



- नगर के वार्ड क्रमांक २१ में आज 16 लाख रुपए से अधिक की लागत से नवीन सीवरेज लाइन का भूमि पूजन किया गया। वार्ड पार्षद एवं नगर पालिका उपाध्यक्ष सरला प्रवीण काटकर द्वारा कई वर्षो से चली आ रही सीवरेज की समस्या के स्थायी निराकरण के लिए यह महत्वपूर्ण पहल की गई है।

इस भूमि पूजन के शुभ अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष भारती पाटील, इंजीनियर प्रकाश बरवाह, ठेकेदार बंटी जमाल एवं वार्ड के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। वार्ड वासियों ने वर्षों पुरानी मांग पूरी होने पर हर्ष व्यक्त किया और वार्ड पार्षद सरला प्रवीण काटकर का आभार माना।नवीन सीवरेज लाइन बनने से वार्ड क्रमांक 21 के रहवासियों को जल भराव, गंदगी और दुर्गंध जैसी समस्याओं से निजात मिलेगी। साथ ही क्षेत्र में स्वच्छता और स्वास्थ्य की स्थिति में भी सुधार होगा।

वार्ड पार्षद सरला प्रवीण काटकर ने बताया कि वार्ड के नागरिक लंबे समय से सीवरेज की समस्या से परेशान थे। नगर पालिका अध्यक्ष भारती पाटील के सहयोग से अब इसका स्थायी समाधान किया जा रहा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि कार्य गुणवत्तापूर्ण और समय-सीमा में पूर्ण कराया जाएगा ताकि नागरिकों को शीघ्र राहत मिल सके।



# अक्षय कुमार से मिलने नंगे पैर पैदल निकला फैन

## राजकोट से 700 किमी चलकर मुंबई पहुंचा एक महीने इंतजार के बाद मुलाकात हुई

मुंबई में बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार से मिलने के लिए गुजरात के राजकोट निवासी अशोक कंजारिया ने 700 किलोमीटर पैदल यात्रा की। वह 17 फरवरी 2026 को तिरंगा लेकर बिना जूते पहने राजकोट से निकले और 18 दिन में मुंबई पहुंचे। हालांकि, मुंबई पहुंचने के बाद कई दिनों तक अक्षय से उनकी मुलाकात नहीं हो सकी। इसके बाद उन्होंने शहर में ही रुककर कोशिश जारी रखी। वह कई बार अक्षय कुमार के घर के बाहर पहुंचे, लेकिन उनसे मिलने में सफलता नहीं मिली। रिपोर्ट के अनुसार, अशोक कंजारिया ने हार नहीं मानी और करीब एक महीने तक मुंबई में इंतजार किया। इस दौरान वह फुटपाथ और रेलवे स्टेशन पर रहे। उनके लगभग 14 हजार रुपये खर्च हुए। उनके परिवार में पत्नी और दो बेटे राजकोट में उनका इंतजार कर रहे थे। 6 मार्च को मुंबई पहुंचने के बाद उन्हें पूरे एक महीने तक इंतजार करना पड़ा। आखिर में 8 अप्रैल को मुलाकात हो सकी। अक्षय कुमार ने अपनी सिक्योरिटी टीम को उन्हें बुलाने के निर्देश दिए थे। अशोक ने मौका न निकल जाए, यह सोचकर सुबह 7 बजे जुहू पहुंच गए। फिर सुबह 8:30 बजे उनकी अक्षय कुमार से मुलाकात हुई। मुलाकात के दौरान अक्षय ने अशोक को 'खुश रह बेटा' कहकर आशीर्वाद दिया और साथ में फोटो भी खिंचवाई। साथ ही अक्षय ने अशोक को नंगे पैर चलने से मना किया और इसे गलत बताया।

# प्रियंका चोपड़ा-महेश बाबू की 'वाराणसी' की कहानी लीक

## विलेन के मिशन पर टाइम ट्रैवल करेंगे महेश, इतिहास से 2027 तक का दिखेगा सफर



एसएस राजामौली के डायरेक्शन में बन रही फिल्म वाराणसी फिल्म का प्लॉट लीक हो गया है। प्रियंका चोपड़ा और महेश बाबू स्टारर इस फिल्म की कहानी टाइम ट्रैवल पर आधारित होगी, जिसमें महेश बाबू एक शिव भक्त के किरदार में नजर आएंगे।

फिल्म की कहानी का खुलासा किसी और ने नहीं, बल्कि इसमें विजुअल इफेक्ट्स का काम देख रही मशहूर कंपनी सिनेसैट ने किया है। यह वही कंपनी है जिसने स्पाइडर-मैनः नो वे होम जैसी हॉलीवुड फिल्मों में काम किया है। स्टूडियो ने अपने पोर्टफोलियो में राजामौली के इस प्रोजेक्ट को जोड़ा और एक शॉर्ट डिटेल शेयर की, जिसमें फिल्म की कहानी की मुख्य कड़ियां बताई गई हैं। शिव भक्त और प्राचीन रहस्य की कहानी लीक हुए प्लॉट के मुताबिक, महेश बाबू एक शिव भक्त रुद्र का किरदार निभा रहे हैं। वह एक ऐसी ब्रह्मांडीय वस्तु की तलाश में समय की यात्रा पर निकलते हैं, जिसमें असीम शक्ति है।

सदियों पुराने रहस्यों को सुलझाते हुए उन्हें एहसास होता है कि उन्हें जिस मिशन पर भेजा गया है, उसके पीछे एक बड़ी साजिश है। जिस शक्ति ने उन्हें इस रास्ते पर भेजा है, वह असल में दुनिया पर राज करना चाहती है। पृथ्वीराज सुकुमारन बन सकते हैं विलेन फिल्म में विलेन के तौर पर पृथ्वीराज सुकुमारन नजर आ सकते हैं। चर्चा है कि उनके किरदार का नाम कुंभ है, जो महेश बाबू के किरदार रुद्र को इस खतरनाक मिशन पर भेजता है। जैसे-जैसे रुद्र की यात्रा आगे बढ़ती है, उसे पता चलता है कि कुंभ के इरादे नेक नहीं हैं। वह रामायण काल से जुड़ी एक रहस्यमयी वस्तु की मदद से पूरी दुनिया पर कब्जा करना चाहता है। हालांकि, वह वस्तु क्या है, यह अभी सस्पेंस बना हुआ है। प्रियंका बोलीं- भविष्य में जाने वाली कहानी नहीं फिल्म की लीड एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा ने हाल ही में एक इंटरव्यू में बताया कि यह फिल्म हॉलीवुड की बैक टू द फ्यूचर जैसी नहीं है। प्रियंका ने कहा, फिल्म की कहानी प्राचीन इतिहास से लेकर भविष्य तक फैली हुई है। हम 7200 ईसा पूर्व से लेकर साल 2027 तक के समय में ट्रैवल कर रहे हैं। दर्शक उन अलग-अलग दुनियाओं और दौर को देखेंगे जिनमें किरदार रहते हैं। नवंबर 2025 में आई थी पहली झलक इस मेगा बजट फिल्म की पहली झलक साल 2025 के नवंबर में सामने आई थी। तब से ही फिल्म के टाइम-ट्रैवल और एक्शन को लेकर कयास लगाए जा रहे थे। एसएस राजामौली अपनी फिल्मों जैसे बाहुबली और आरआरआर के लिए जाने जाते हैं, इसलिए वाराणसी से भी लोगों को काफी उम्मीदें हैं।



# दीपिका चिखलिया ने रामायण फिल्म पर कसा तंज

## कहा- रामायण ऐसी बनाओ कि 4000 करोड़ लगाकर भी वैसी न बन पाए

रणबीर कपूर की फिल्म रामायण पर रामानंद सागर की रामायण में सीता का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस दीपिका चिखलिया ने तंज कसा है। दीपिका चिखलिया ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी शेयर की। इसमें उन्होंने लिखा, रामायण ऐसी बनाओ कि 4000 करोड़ लगाकर भी वैसी न बन पाए।

हालांकि उन्होंने सीधे तौर पर किसी पर निशाना नहीं साधा, लेकिन उनके इस पोस्ट को फिल्म के भारी-भरकम बजट और पुराने शो की सादगी से जोड़कर देखा जा रहा है। उनका मानना है कि रामायण की आत्मा उसकी भावनाओं में होती है, न कि सिर्फ पैसे खर्च करने में।

दिलचस्प बात यह है कि इससे पहले दीपिका ने 'रामायण ' के टीजर की काफी तारीफ की थी। उन्होंने कहा था, मैंने टीजर देखा और यह बहुत भव्य है। यह वाकई बहुत ही शानदार लग रहा है। मेकर्स ने इसे बहुत अच्छे से बनाया है। मैं खुद इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं।

रिपोट्र्स के मुताबिक, नितेश तिवारी की 'रामायण' एक बड़े स्तर पर बनाई जा रही फ्रैंचाइजी होगी। इसे दो भागों में रिलीज किया जाएगा। फिल्म का पहला हिस्सा दिवाली 2026 में सिनेमाघरों में दस्तक देगा। वहीं, कहानी का दूसरा और अंतिम भाग अगले साल दिवाली 2027 में रिलीज करने की योजना है।

**फिल्म 'रामायण' से जुड़ी अहम बातें-**

फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम, साई पल्लवी सीता, यश रावण, सनी देओल हनुमान और रवि दुबे लक्ष्मण के रोल में नजर आएंगे। 1987 के टीवी शो रामायण में राम का किरदार निभाने वाले अरुण गोविल इस फिल्म में राजा दशरथ की भूमिका में दिखेंगे। फिल्म का कुल बजट लगभग 4,000 करोड़ रुपए बताया जा रहा है, जो इसे भारतीय सिनेमा की सबसे महंगी फिल्मों में शामिल करता है।

# डायरेक्टर सनोज बोले- सत्य की जीत हुई

- कहा- मोनालिसा का ब्रेनवॉश कर झूठे आरोप लगवाए
- फरमान खान पर पॉक्सो एक्ट लगने पर खुशी जताई







फिल्म डायरेक्टर सनोज मिश्रा ने महाकुंभ की वायरल गर्ल 'मोनालिसा' की शादी मामले में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के फैसले पर खुशी जताई है। आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक, 11 मार्च 2026 को हुई शादी के दौरान उनकी उम्र सिर्फ 16 साल, 2 महीने और 12 दिन थी।

इस रिपोर्ट के बाद मोनालिसा के पति फरमान खान के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। आयोग के मोनालिसा को नाबालिग घोषित किए जाने के बाद सनोज ने कहा कि सत्य की जीत हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें और मोनालिसा के परिवार को बदनाम करने के लिए एक बड़ी साजिश रची गई थी। सनोज के मुताबिक, मोनालिसा का ब्रेनवॉश कर उनसे झूठे आरोप लगवाए गए थे, लेकिन अब सच सबके सामने है।

**बोले- मुझे फंसाने के लिए रची गई साजिश**

विवाद के दौरान मोनालिसा ने अपने माता-पिता और डायरेक्टर सनोज मिश्रा पर कई गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने अपने माता-पिता के चरित्र पर सवाल उठाए थे और सनोज पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया था। अब सनोज मिश्रा का कहना है कि ये सब फरमान के बहकावे में आकर कहा गया था। सनोज मिश्रा ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर अपनी बात रखी। उन्होंने बताया कि विवाद के दौरान उन पर छेड़छाड़ के जो आरोप लगाए गए थे, वे पूरी तरह झूठे थे। सनोज ने कहा, मोनालिसा एक भोली लड़की है, उसे बहला-फुसलाकर मेरे और उसके माता-पिता के खिलाफ किया गया। उसके दिमाग में मेरे खिलाफ जहर भरा गया ताकि मुझे जेल भेजा जा सके। इन विवादों की वजह से मैं इतना टूट गया था कि कई बार मन में सुसाइड करने का ख्याल आया, लेकिन भगवान ने मुझे हिम्मत दी।

### 'लव जिहाद' और संगठनों पर उठाए सवाल

सनोज मिश्रा ने इस पूरे मामले को 'लव जिहाद' से जोड़ते हुए कुछ संगठनों पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि आयोग ने भी पीएफआई और सीपीआई-एम जैसे संगठनों की इस मामले में भागीदारी पर चिंता जताई है। सनोज का दावा है कि मोनालिसा को बालिग दिखाने के लिए फर्जी आधार कार्ड और दस्तावेज तैयार किए गए थे। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक शादी नहीं, बल्कि एक गहरा षड़यंत्र था जिसे 'प्यार' का नाम देकर दबाने की कोशिश की गई।

### परिवार का साथ देने की मिली सजा

सनोज ने बताया कि वे शुरू से ही मोनालिसा के माता-पिता के साथ खड़े रहे। जब परिवार ने अपनी बेटी को नाबालिग बताया, तो सनोज ने उनकी आवाज को हर मंच पर उठाया। उन्होंने मध्य प्रदेश पुलिस और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में शिकायत दर्ज कराई थी। सनोज ने कहा, मेरा गुनाह क्या था? क्या लव जिहाद और धर्मांतरण जैसे मुद्दों पर फिल्म बनाना गुनाह है? मुझे चुप कराने के लिए हर मुमकिन कोशिश की गई, लेकिन मैं पीछे नहीं हटा।

### शादी से शुरू हुआ था विवाद

मोनालिसा महाकुंभ के दौरान अपनी तस्वीरों की वजह से चर्चा में आई थीं। 11 मार्च 2026 को उन्होंने फरमान खान से शादी कर ली थी, जिसके बाद से ही उनकी उम्र को लेकर विवाद शुरू हो गया था। सनोज मिश्रा और परिवार का दावा था कि वे नाबालिग हैं, जबकि फरमान उन्हें 18 साल का बता रहा था। अब आयोग की जांच में यह साफ हो गया है कि शादी के वक्त मोनालिसा की उम्र महज 16 साल, 2 महीने और 12 दिन थी।

### आरसीबी ने 37वीं बार 200+ स्कोर बनाया फिर भी हार गई, बिश्नोई की बॉल पर कोहली बोल्ड

# वैभव की सिक्स से फिफ्टी, 15 बॉल पर अर्धशतक

ब्रह्मास्त्र ›› गुवाहाटी

राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल में लगातार चौथी जीत दर्ज की। टीम ने शुक्रवार को डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 6 विकेट से हरा दिया। गुवाहाटी के बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में रोचक मोमेंट्स देखने को मिले।

वैभव सूर्यवंशी ने महज 15 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया और सिक्स लगाकर अपनी फिफ्टी पूरी की। दूसरी ओर, विराट कोहली अच्छी शुरूआत के बाद रवि बिश्नोई की गेंद पर बोल्ड हो गए। रिकॉर्ड्स की बात करें तो फ्छइ ने आईपीएल में 37वीं बार 200 या उससे ज्यादा का स्कोर बनाया और चेन्नई सुपर किंग्स की बराबरी कर ली।



- **आरसीबी ने सीएसके की बराबरी की-** आरसीबी ने आईपीएल में 37वीं बार 200+ का स्कोर बनाकर सीएसके की बराबरी कर ली है। अब दोनों टीमें इस लिस्ट में संयुक्त रूप से पहले नंबर पर हैं। तीसरे नंबर पर पंजाब (33) है, जबकि एमआई (32) चौथे और केकेआर (30) पांचवें स्थान पर हैं।
- **संदीप शर्मा के 150 विकेट पूरे-** संदीप शर्मा ने 140 मैच में 150 विकेट पूरे कर लिए हैं। वह इस लिस्ट में छठे नंबर पर हैं। सबसे तेज 150 विकेट का रिकॉर्ड लसिथ मलिंगा (105 मैच) के नाम है, जबकि दूसरे नंबर पर हर्षल पटेल (117) और तीसरे नंबर पर जसप्रीत बुमराह (124) हैं।
- **रजत के 3 हजार आईपीएल रन पूरे-** रजत पाटीदार ने 95 पारियों में 3000 ळ20 रन पूरे कर लिए हैं। वह इस लिस्ट में चौथे नंबर पर हैं। सबसे तेज 3000 रन का रिकॉर्ड तिलक वर्मा (90 पारियां) के नाम है, जबकि दूसरे नंबर पर ऋतुराज गायकवाड़ (91) और तीसरे नंबर पर केएल राहुल (93) हैं।
- **आरसीबी 7 वीं बार 200+ रन बनाकर हारी-** आरसीबी ने 200+ स्कोर बनाने के बाद 7वीं बार मैच गंवाया, जिससे वह पंजाब के साथ संयुक्त रूप से पहले स्थान पर पहुंच गई है। सीएसके 6 हार के साथ तीसरे नंबर पर है, जबकि केकेआर (5) चौथे स्थान पर है।
- **आर्चर को पहली बॉल पर विकेट, सॉल्ट आउट-** जोफ्रा आर्चर ने मैच की पहली बॉल पर विकेट हासिल किया। उन्होंने फिल सॉल्ट को विकेटकीपर ध्रुव जुरेल के हाथों कैच कराया। सॉल्ट आर्चर की उछाल लेती लेंथ बॉल को संभाल नहीं सके और बॉल बल्ले के ऊपरी हिस्से में लगकर ऊपर चली गई। जिसे विकेटकीपर जुरेल ने आसानी से कैच किया।
- **बिश्नोई ने कोहली को क्लीन बोल्ड कर दिया-** बेंगलुरु की पारी के पावरप्ले की 5वीं बॉल पर रवि बिश्नोई ने विराट कोहली को क्लीन बोल्ड कर दिया। उन्होंने गुगली बॉल पर डाली, जिसे कोहली समझ नहीं पाए और बॉल ने स्टंप्स बिखेर दिए। यहां विराट कोहली 32 रन बनाकर आउट हुए। इससे पहले 5वें ओवर में विराट कोहली ने संदीप शर्मा की बॉल पर खूबसूरत कवर ड्राइव लगाकर चौका मारा। कोहली ने आर्चर के ओवर में 3 चौके लगाए तीसरे ओवर में विराट कोहली ने जोफ्रा आर्चर की बॉल पर तीन चौके मारे। उन्होंने पहली बॉल पर शॉर्ट थर्ड मैन, तीसरी बॉल पर फाइन लगे और चौथी बॉल को बैकवर्ड पॉइंट बाउंड्री के बाहर पहुंचाया।
- **हेटमायर ने पडिक्कल और पंड्या के शानदार कैच पकड़े-** शिमरोन हेटमायर ने बेंगलुरु की पारी में दो शानदार कैच पकड़े। उन्होंने देवदत्त पडिक्कल और क्रुणाल पंड्या को कैच किया। तीसरे ओवर की आखिरी बॉल पर हेटमायर ने देवदत्त पडिक्कल का कैच पकड़ा। जोफ्रा आर्चर ने मिडिल स्टंप पर हार्ड लेंथ की बॉल डाली। इसमें इस पर पडिक्कल बड़ा शॉर्ट खेलना चाहते थे, लेकिन बॉल डीप स्क्वेयर लेग पर गई। जहां शिमरोन हेटमायर ने सामने की ओर ड्राइव लगाकर कैच पकड़ा। पडिक्कल 14 रन बनाकर आउट हुए। 7वें ओवर की दूसरी बॉल पर शिमरोन हेटमायर ने क्रुणाल पंड्या का डाइविंग कैच पकड़ा। रवि बिश्नोई ने ऑफ स्टंप के बाहर फ्लाइट दी, जिस पर क्रुणाल ने आगे निकलकर लॉन्ग ऑफ के ऊपर से शॉट खेलने की कोशिश की। हालांकि, बॉल बल्ले पर सही टाइमिंग नहीं आई और हवा में ही चली गई। लॉन्ग ऑफ पर खड़े शिमरोन हेटमायर ने आगे झुककर शानदार कैच लपक लिया। क्रुणाल 6 गेंद में 1 रन बनाकर आउट हुए।
- **जडेजा की बॉल पर बृजेश ने दो प्रयास में कैच पकड़ा-** 14वें ओवर में बृजेश शर्मा ने दो प्रयास में शेफर्ड का कैच पकड़ा। रवींद्र जडेजा ने ओवर की आखिरी बॉल पर लेग स्टंप के बाहर रखी। इस पर रोमारियो शेफर्ड बड़ा शॉर्ट खेलने चले गए, लेकिन बॉल शार्ट फाइन लेग में हवा में चली गई। बॉल के नीचे बृजेश शर्मा थे। पहले प्रयास में बॉल उनके हाथ से छिटक गई। उन्होंने दूसरे प्रयास में कैच पकड़ा।
- **पाटीदार ने चौके से फिफ्टी पूरी की-** 16वें ओवर में रजत पाटीदार ने चौके के साथ फिफ्टी पूरी की। संदीप शर्मा ने ऑफ स्टंप के बाहर यॉर्कर बॉल डाली। इस पर पाटीदार ने एक्स्ट्रा कवर की दिशा में शानदार चौका लगाया।
- **वैभव की बैक-टु-बैक सिक्स से फिफ्टी, कैच ड्रॉप भी हुआ-** राजस्थान की पारी के 5वें ओवर में वैभव ने लगातार दो छक्के लगाकर फिफ्टी पूरी की। भुवनेश्वर कुमार की दूसरी बॉल को वैभव ने मिड ऑन बाउंड्री पर सिक्स मारा। तीसरी बॉल पर वैभव को जीवनदान भी मिला। शॉर्ट गेंद पर टॉप-एज पुल खेला गया, जिसे लॉन्ग लेग पर सॉल्ट ने कैच किया, लेकिन कैच लेते समय उनका पैर कुशन पर चला गया, जिससे छक्का मिल गया और अर्धशतक पूरा हुआ।

### आईपीएल में आज दिल्ली-चेन्नई

## धोनी के बिना खेल रही सीएसके तीनों मैच हारी



### कप्तान अक्षर डीसी को 2 जीत दिला चुके

ब्रह्मास्त्र ›› चेन्नई

इंडियन प्रीमियर लीग के 19वें सीजन में आज 2 मैच खेले जाएंगे। दिन का दूसरा मैच चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच चेपॉक स्टेडियम में होगा। मुकाबला शाम 7.30 बजे से खेला जाएगा, जिसका टॉस 7 बजे होगा।

सीएसके की टीम आज भी पूर्व कप्तान एमएस धोनी के बिना मैदान में उतरेगी, टीम 3 मैच हार चुकी है। वहीं अक्षर पटेल की कप्तानी में दिल्ली कैपिटल्स 2 मैच जीत चुकी है, टीम को इकलौती हार पिछले मुकाबले में गुजरात के खिलाफ मिली।

दिन का पहला मैच पंजाब किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच होगा। पंजाब ने एक भी मुकाबला नहीं गंवाया है, वहीं एसआरएच को 2 हार मिल चुकी है। चेपॉक में होम टीम आगे चेन्नई और दिल्ली के बीच 31 आईपीएल मैच खेले गए। 19 में सीएसके और 12 में डीसी को जीत मिली। चेपॉक स्टेडियम में होम टीम चेन्नई का रिकॉर्ड बहुत अच्छा है। टीम ने दिल्ली को 10 में से 7 मैच हराए हैं, वहीं डीसी 3 मैच ही जीत सकी। इस सीजन चेन्नई एक मैच भी नहीं जीत सकी है। टीम आरसीबी, पंजाब और आरआर के खिलाफ हार चुकी है। वहीं दिल्ली ने इकलौता मैच जीटी के खिलाफ गंवाया, टीम ने एलएसजी और एमआई को 1-1 मैच हराया है।












वैश्विक जोखिमों के बावजूद

## मजबूत रहेगी भारत की अर्थव्यवस्था, जीडीपी वृद्धि दर 6.9% रहने का अनुमान




ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

एशियाई विकास बैंक के मुताबिक भारत की जीडीपी वृद्धि दर 2026-27 में 6.9% और 2027-28 में 7.3% रहने का अनुमान है, जिसे मजबूत घरेलू मांग और सुधारों का समर्थन मिलेगा। हालांकि पश्चिम एशिया तनाव और बढ़ती तेल कीमतें महंगाई व अर्थव्यवस्था पर दबाव डाल सकती हैं।

एशियाई विकास बैंक ने भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर मजबूत और सकारात्मक तस्वीर पेश की है। एशियाई विकास बैंक की ताजा एशियन डेवलपमेंट आउटलुक रिपोर्ट के अनुसार, चालू वित्त वर्ष 2026-27 में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.9% रहने का अनुमान है, जो अगले वित्त वर्ष 2027-28 में बढ़कर 7.3% तक पहुंच सकती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत की आर्थिक वृद्धि मजबूत बनी रहेगी। एडीबी के मुताबिक, इस वृद्धि के पीछे मजबूत घरेलू मांग, आसान वित्तीय स्थितियां और भारतीय उत्पादों पर अमेरिकी टैरिफ में कमी जैसे अहम कारक होंगे। साथ ही, सरकारी सुधार, निवेश में बढ़ोतरी और यूरोपीय संघ के साथ संभावित व्यापार समझौते भी आने वाले समय में अर्थव्यवस्था को गति देंगे। हालांकि रिपोर्ट में कुछ जोखिमों की भी ओर इशारा किया गया है। खासतौर पर मध्य पूर्व में जारी तनाव भारत की अर्थव्यवस्था पर असर डाल सकता है। इससे कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी, व्यापार आपूर्ति में बाधा और विदेशों से आने वाले रेमिटेंस पर दबाव पड़ने की आशंका है। महंगाई के मोर्चे पर एडीबी का अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष में यह बढ़कर 4.5% तक पहुंच सकती है, जबकि पिछले वर्ष यह 2.1% थी।

एलपीजी कालाबाजारी पर एक्शन, सरकार बोली-

# देशभर में 1.2 लाख छापे और 53 वितरक सस्पेंड

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत ने लेबनान में नागरिकों की मौत पर गहरी चिंता जताई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने अंतर-मंत्रालयी ब्रीफिंग में कहा कि वर्तमान स्थिति बेहद चिंताजनक है। अंतर मंत्रालयी प्रेसवार्ता के दौरान सरकार की ओर से एलपीजी संकट पर क्या कहा गया, जानिए विस्तार से।

पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक संकट के बीच घरेलू स्तर पर एलपीजी की जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए सरकार ने प्रवर्तन कार्रवाइयां काफी तेज कर दी हैं। पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने शुक्रवार को अंतर मंत्रालयी प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि गैस आपूर्ति में गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ अब तक देश भर में 1.2 लाख से अधिक छापे मारे जा चुके हैं और तेल विपणन कंपनियों ने अचानक निरीक्षण की गति बढ़ा दी है।

सुजाता शर्मा के बयान के अनुसार, इन सघन छापों के दौरान 57,000 से अधिक गैस सिलेंडर जब्त किए गए हैं, 950 से अधिक एफआईआर दर्ज की गई हैं और 229 लोगों की गिरफ्तारी हुई है। उन्होंने बताया कि सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) ने सख्त कदम उठाते हुए 2100 से अधिक कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं, 204 एलपीजी वितरकों पर भारी जुमार्ना लगाया है और 53 वितरकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। केवल 9 अप्रैल 2026 को ही देशभर में 3800 से अधिक स्थानों पर छापे मारे गए, जिनमें लगभग 450 सिलेंडर जब्त किए गए।

वैश्विक भू-राजनीतिक स्थिति के कारण गैस की आपूर्ति प्रभावित जरूर हुई है, लेकिन वितरकों के स्तर पर आपूर्ति बंद होने की कोई सूचना नहीं मिली है। सुजाता शर्मा ने बताया कि माल की हेराफेरी को रोकने के लिए 'डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड' (डीएसी) आधारित डिलीवरी में लगभग 92 प्रतिशत और ऑनलाइन बुकिंग में 98 प्रतिशत की भारी वृद्धि हुई है। औद्योगिक कार्यों की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए फार्मा, खाद्य, पॉलिमर और इस्पात जैसे प्रमुख क्षेत्रों को मार्च 2026 से पहले की खपत का 70 प्रतिशत एलपीजी हिस्सा दिया जाएगा, जो कि 0.2 टीएमटी प्रति दिन की समग्र सीमा के अधीन होगा। इसके अलावा, 14 मार्च 2026 से अब तक लगभग 1,06,093 मीट्रिक टन वाणिज्यिक एलपीजी की बिक्री हो चुकी है।

**भारत ने लेबनान में नागरिकों की मौत पर गहरी चिंता जताई-** भारत ने लेबनान में नागरिकों की मौत पर गहरी चिंता जताई है। शुक्रवार को विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने अंतर-मंत्रालयी ब्रीफिंग में कहा कि वर्तमान स्थिति बेहद चिंताजनक है, खासकर इस क्षेत्र में शांति और स्थिरता के प्रति भारत की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को देखते हुए। उन्होंने आगे कहा कि भारत ने हमेशा नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन करना और राज्यों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करना आवश्यक है। लेबनान में लगभग 1,000 भारतीय नागरिक रहते हैं। दो दिन पहले इस्राइली हमले में लेबनान में 300 से अधिक लोग मारे गए थे।




- प्रवासी श्रमिकों और छात्रों को राहत देने के लिए राज्य सरकारों के माध्यम से 5 किलोग्राम वाले एफटीएल (एफटीएल) सिलेंडरों की आपूर्ति दोगुनी कर दी गई है। 23 मार्च 2026 से अब तक इन कमजोर समुदायों को 11 लाख ऐसे छोटे सिलेंडर बेचे जा चुके हैं।
- इस घरेलू प्रबंधन के साथ-साथ, वैश्विक मोर्चे पर भी सरकार व्यापार और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित कर रही है। पश्चिम एशिया संकट के बीच अब तक 1,927 भारतीय नाविकों की सुरक्षित वतन वापसी हो चुकी है। हालांकि, ईरान के नियंत्रण वाले होर्मुज जलडमरूमध्य से व्यापारिक जहाजों की आवाजाही अभी भी सीमित है, जहां युद्धविराम के बाद से सिर्फ 12 जहाज ही गुजर पाए हैं। वहीं, भारत ने लेबनान में नागरिकों की मौत पर भी गहरी चिंता जताई है, जहां लगभग 1,000 भारतीय नागरिक निवासरत हैं।
- पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच सरकार अब तक 1,927 भारतीय नाविकों को सुरक्षित वापस ला चुकी है। इनमें से 124 नाविक पिछले 24 घंटों में ही लौटे हैं। केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव मुकेश मंगल ने शुक्रवार को अंतर-मंत्रालयी ब्रीफिंग में बताया कि खाड़ी क्षेत्र में सभी भारतीय नाविक पूरी तरह सुरक्षित हैं। पिछले 24 घंटों में किसी भी भारतीय जहाज के साथ कोई अनहोनी नहीं हुई है। उन्होंने कहा, हम विदेश मंत्रालय और भारतीय दूतावासों के साथ निरंतर संपर्क में हैं। हमारी प्राथमिकता नाविकों का कल्याण और समुद्री व्यापार को निर्बाध रखना है। शिपिंग मंत्री ने स्थिति की समीक्षा करते हुए सभी बंदरगाहों और महानिदेशालय को निर्देश दिए हैं कि निर्यातकों या व्यापारियों को आ रही किसी भी समस्या का तुरंत समाधान किया जाए। सरकार का लक्ष्य लॉजिस्टिक बाधाओं को दूर कर व्यापारिक गतिविधियों को सुचारू बनाए रखना है।

सीबीआई कोर्ट ने

## तीन पूर्व अधिकारियों समेत आठ को सुनाई सजा

### बैंक को हुआ था 1.57 करोड़ का नुकसान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पीएनबी लोन धोखाधड़ी मामले में अहमदाबाद की सीबीआई कोर्ट ने तीन पूर्व बैंक अधिकारियों समेत आठ दोषियों को कड़ी सजा सुनाई है। यह मामला बिना दिशानिर्देशों के लोन बांटने और 1.57 करोड़ रुपये के नुकसान से जुड़ा है। आइए इस बारे में विस्तार से जानें। अहमदाबाद की एक विशेष सीबीआई अदालत ने शुक्रवार को पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के 2016 के लोन धोखाधड़ी मामले में बड़ा फैसला सुनाया है। इस मामले में 1.57 करोड़ रुपये के वित्तीय नुकसान के लिए तीन सेवानिवृत्त बैंक अधिकारियों सहित आठ लोगों को दोषी ठहराया गया है। यह फैसला बैंकिंग प्रणाली में जवाबदेही और सख्त अनुपालन की आवश्यकता को स्पष्ट रूप से रेखांकित करता है। सीबीआई अदालत ने पीएनबी के सेवानिवृत्त सहायक महाप्रबंधक (एजीएम) गुरिंदर सिंह, सेवानिवृत्त मुख्य प्रबंधक केजीसीएस अय्यर और सेवानिवृत्त वरिष्ठ प्रबंधक के ई सुरेंद्रनाथ को दो-दो साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही, इन सभी पूर्व अधिकारियों पर 1-1 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। बैंक अधिकारियों के अलावा इस फजीवाड़े में शामिल अन्य लोगों पर भी सख्त कार्रवाई की गई है। मेसर्स जलपा एंटरप्राइज प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक संजय पटेल को 50,000 रुपये के जुर्माने के साथ तीन साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई है। वहीं, हितेश डोमाडिया को भी 1 लाख रुपये जुमार्ने और तीन साल जेल की सजा मिली है। अन्य आरोपियों में सतीश दावरा, वैशाली दावरा और रमीलाबेन भिकाड़िया को 50-50 हजार रुपये के जुर्माने के साथ दो-दो साल के कठोर कारावास की सजा दी गई है।

होर्मुज से गुजरने के लिए लेवी पर कोई बातचीत नहीं

# सरकार बोली- सुरक्षित हैं एलपीजी लाने वाले जहाज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत सरकार ने होर्मुज से गुजरने के लिए ईरान के साथ किसी भी तरह की लेवी पर बातचीत की खबरों को निराधार बताया है। जानें एलपीजी सप्लाई, जहाजों की सुरक्षा और घरेलू गैस वितरण पर सरकार के ताजा अपडेट को विस्तार से पढ़ें।

भारत सरकार ने सोमवार को उन मीडिया रिपोर्ट्स का सिरे से खंडन किया, जिनमें दावा किया जा रहा था कि होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने के लिए ट्रांजिट लेवी लगाने के विषय पर भारत और ईरान के बीच बातचीत हो रही है। सरकार ने इन दावों को पूरी तरह निराधार और आधारहीन बताते हुए कहा कि पश्चिम एशिया क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच ऊर्जा आपूर्ति से जुड़ी अहम जानकारी साझा की।

**समुद्री मार्गो की सुरक्षा और जहाजों की आवाजाही-** नौवहन मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव मुकेश मंगल ने स्थिति साफ करते हुए कहा कि ट्रांजिट लेवी के विषय पर ईरान के साथ भारत की कोई बातचीत नहीं हुई है। क्षेत्र में बढ़े हुए भू-राजनीतिक तनाव के बीच चिंताओं को दूर करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार को ऐसे किसी घटनाक्रम की जानकारी नहीं है।



व्यापारिक जहाजों की स्थिति पर अपडेट देते हुए मंगल ने बताया कि होर्मुज जलडमरूमध्य के पश्चिम में मौजूद 16 भारतीय जहाजों की कड़ी निगरानी (ट्रैकिंग) की जा रही है। ऊर्जा आपूर्ति की निरंतरता को पुख्ता करते हुए उन्होंने बताया कि एलपीजी ले जाने वाले दो महत्वपूर्ण जहाज- 'ग्रीन संघवी' और 'ग्रीन आशा'- इस बेहद अहम और संवेदनशील समुद्री मार्ग को सुरक्षित रूप से पार कर चुके हैं। 'ग्रीन संघवी' 46,500 टन और 'ग्रीन आशा' 15,500 टन एलपीजी लेकर आ रहे हैं, जिनके क्रमशः 7 अप्रैल और 9 अप्रैल को भारत पहुंचने की उम्मीद है।

**एलपीजी और घरेलू गैस वितरण का क्या है हाल-** ऊर्जा के मोर्चे पर स्थिति का आकलन करते हुए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि एलपीजी के आयात में थोड़ी गिरावट देखी गई है, जबकि घरेलू उत्पादन भी सीमित स्तर पर है। हालांकि, उन्होंने आश्वस्त किया कि इस कमी को पाटने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

### भू-राजनीतिक संकट और भारतीयों की वापसी

बाजार की मांग को पूरा करने के लिए सरकार ने जो नीतिगत कदम उठाए हैं, वे इस प्रकार हैं: अमेरिका जैसे देशों से आयात लगातार जारी है, जो मुख्य रूप से व्यावसायिक विचारों से प्रेरित है। उर्वरक संयंत्रों को दी जाने वाली गैस की आपूर्ति बढ़ाकर 90 प्रतिशत कर दी गई है। देश भर में मांग को सुचारू रखने के लिए सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूटर्स को 10 प्रतिशत अतिरिक्त गैस का आवंटन किया जा रहा है। इस बीच, पश्चिम एशिया के मौजूदा संकट का असर लोगों की आवाजाही पर भी पड़ा है। विदेश मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव (खाड़ी) असीम आर. महाजन ने बताया कि इस क्षेत्र में तेजी से बदलती भू-राजनीतिक स्थिति के कारण 28 फरवरी से अब तक लगभग 7.3 लाख भारतीय स्वदेश लौट चुके हैं। यात्रियों की सुरक्षित और सुगम आवाजाही की सुविधा के लिए सोमवार को कतर एयरवेज भारत के लिए आठ से 10 उड़ानों का संचालन कर रहा है।

डी2सी ब्रांड्स बन रहे राष्ट्रीय खिलाड़ी

# जानिए कैसे शिपरॉकेट से छोटे उद्योगों को मिल रही पहचान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

शिपरॉकेट जैसे मंचों से छोटे शहरों के एमएसएमई2 को डिजिटल और लॉजिस्टिक्स का मजबूत आधार मिल रहा है। जिससे ये एमएसएमई कंपनियां डायरेक्ट टू कंज्यूमर मॉडल को तेजी से अपना रही हैं और राष्ट्रीय स्तर पर सफल हो रही हैं।

भारत में ई-कॉमर्स का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। अब यह केवल महानगरों और बड़े मार्केटप्लेस तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि सूरत, लखनऊ, कोच्चि और रायपुर जैसे शहरों के छोटे और मझोले ब्रांड्स भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। ये ब्रांड्स अपनी वेबसाइट और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए सीधे ग्राहकों तक पहुंच बनाते हुए डायरेक्ट-टू-कंज्यूमर मॉडल को तेजी से अपना रहे हैं।

इस बदलाव के केंद्र में शिपरॉकेट एक प्रमुख भूमिका निभा रहा है। यह प्लेटफॉर्म एमएसएमई कंपनियों (छोटे और मझोले उद्योग) के लिए एंड-टू-एंड ई-कॉमर्स समाधान उपलब्ध कराता है, जिसमें शिपिंग, फुलफिलमेंट, चेकआउट और पोस्ट-ऑर्डर मैनेजमेंट जैसी सेवाएं एक ही प्लेटफॉर्म पर मिलती हैं।

उद्योग से जुड़े हालिया अध्ययनों के अनुसार, छोटे और लघु उद्योग पहले से ही देश की अर्थव्यवस्था में अहम योगदान दे रहे हैं और आने वाले समय में ऑनलाइन रिटेल ग्रोथ में उनकी हिस्सेदारी और बढ़ने की संभावना है। खासकर डी2सी वर्ग पारंपरिक मार्केटप्लेस की तुलना में अधिक तेजी से आगे बढ़ रहा है, जिसमें गैर-मेट्रो शहरों का योगदान उल्लेखनीय है।

रिपोर्ट्स में यह भी सामने आया है कि छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में ऑनलाइन उपभोक्ताओं की संख्या तेजी से बढ़ रही है। महिलाएं और युवा बड़ी संख्या में डिजिटल प्लेटफॉर्म से जुड़ रहे हैं। वहीं, व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफॉर्म के जरिए सोशल और चैट कॉमर्स एक नए बाजार के रूप में उभर रहा है, जहां लोकल बुटीक, क्षेत्रीय फूड ब्रांड्स और किराना स्टोर्स सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

# हरिवंश राज्यसभा के मनोनीत सांसद बने, उपसभापति बन सकते हैं:कार्यकाल 2032 तक रहेगा



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

राज्यसभा के पूर्व उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह मनोनीत सांसद बने। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने शुक्रवार को अपने कक्ष में शपथ दिलाई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें राज्यसभा के लिए नॉमिनेट किया था। हरिवंश का पिछला कार्यकाल 9 अप्रैल को खत्म हो गया था। उनकी पार्टी खउ्न ने इस बार नाम नहीं दिया था। इसके बाद राष्ट्रपति ने उनका मनोनयन किया।

पूर्व उखक रंजन गोगोई के रिटायर होने के बाद सीट खाली हुई थी। इसे भरने के लिए खअ(व) के हरिवंश को चुना गया। 69 साल के हरिवंश 2032 तक राज्यसभा में रहेंगे। राज्यसभा में 12 सदस्य मनोनीत होते हैं, जिन्हें राष्ट्रपति तय करते हैं। इन्हें कला, साहित्य, विज्ञान और समाज सेवा में विशेष योगदान के आधार पर चुना जाता है। इधर, बिहार के उट नीतीश कुमार ने भी राज्यसभा सांसद की शपथ ली। हरिवंश को नीतीश कुमार का करीबी माना जाता था, लेकिन कुछ समय से दोनों के बीच दूरी नजर आई।

## 18 मार्च को पीएम मोदी ने कमबैक का हिंट दिया था

बजट सत्र के दूसरे चरण के दौरान राज्यसभा में रिटायर हो रहे सांसदों का विदाई समारोह 18 मार्च को हुआ था। इस दौरान पीएम मोदी ने हरिवंश के लिए कहा था- ₹हमारे उपसभापति हरिवंश विदा ले रहे हैं। हरिवंश को इस सदन में लंबे समय तक अपनी जिम्मेदारियों को निभाने का अवसर मिला।₹

पीएम मोदी ने हिंट दी थी कि हरिवंश की राजनैतिक पारी अभी खत्म नहीं हुई है, वे आगे भी जनहित में काम करते रहेंगे। इसके आधार पर ही यह माना जा रहा है हरिवंश नारायण को मनोनीत सांसद बनाकर दोबारा लाया गया है।

## अहम सवाल- हरिवंश राज्यसभा में अब किस भूमिका में होंगे

संविधान और राज्यसभा के नियमों के अनुसार मनोनीत सांसद भी उपसभापति बन सकता है। आर्टिकल 89 के तहत राज्यसभा अपने सदस्यों में से उपसभापति का चुनाव करती है। इसमें यह शर्त नहीं है कि सदस्य निर्वाचित ही होना चाहिए। यानी मनोनीत और निर्वाचित, दोनों सदस्य इस पद पर चुने जा सकते हैं। बशर्ते वह राज्यसभा सदस्य हो। उपसभापति का चुनाव राज्यसभा सांसद करते हैं। इसके लिए प्रस्ताव लाया जाता है, जिस पर वोटिंग होती है। सरकार और विपक्ष सहमति से नाम तय करते हैं। साधारण बहुमत से चुनाव होता है। खास बात यह है कि मनोनीत सदस्य भी वोट डाल सकते हैं और उम्मीदवार बन सकते हैं। हरिवंश राज्यसभा के उपसभापति (2018-2024) रह चुके हैं। अब वे राष्ट्रपति की तरफ से मनोनीत सदस्य बनाए गए हैं। सहमति बनने पर वे दोबारा उपसभापति बन सकते हैं।

## पत्रकारिता में थे हरिवंश, फिर राजनेता बने

हरिवंश नारायण सिंह पत्रकार से नेता बने। उन्होंने जेडीयू की तरफ से राज्यसभा में बिहार का प्रतिनिधित्व किया। 2018 में पहली बार राज्यसभा के उपसभापति बने। इसके बाद 2020 में दोबारा चुने गए।

# खड़गे बोले- महिला आरक्षण संशोधन जल्दबाजी में लाया जा रहा

## सरकार आचार संहिता का उल्लंघन कर रही; लोकसभा सीटें 543 से 816 होंगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शुक्रवार को कहा कि सरकार महिला आरक्षण संशोधन और लोकसभा में सीटें बढ़ाने की बिल जल्दबाजी में ला रही है।

उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान संसद सत्र बुलाना अचार संहिता का उल्लंघन है। सरकार बिल को जल्द से जल्द पास कराना चाहती है, ताकि आने वाले विधानसभा चुनावों में इसका फायदा मिल सके।

आज दिल्ली में कांग्रेस वर्किंग कमेटी की इस मुद्दे पर बैठक हुई। इसमें खड़गे ने कहा कि अब तक सरकार की ओर से कोई औपचारिक प्रस्ताव नहीं मिला है। जानकारी सिर्फ प्रधानमंत्री के लेटर के जरिए सामने आई है। लंबे समय तक चुप रहने के बाद अब अचानक इस मुद्दे पर सक्रियता दिखाई जा रही है।

सरकार ने 16 से 18 अप्रैल तक संसद का सत्र बुलाया बुलाया है। इस दौरान संविधान संशोधन बिल लाने की तैयारी है। सरकार



महिलाओं को 33% आरक्षण देने के साथ लोकसभा और विधानसभा सीटों में 50% तक बढ़ोतरी का प्रस्ताव ला सकती है। इसके तहत लोकसभा सीटें 543 से बढ़ाकर 816 हो जाएगी।

सरकार 2029 के चुनाव से महिला आरक्षण लागू करना चाहती है। सीटों की संख्या बढ़ाकर इसका असर चुनावी गणित पर पड़ेगा। कांग्रेस इस मुद्दे पर विपक्षी दलों के साथ मिलकर रणनीति बनाएगी और एकजुट होकर आगे बढ़ेगी।

विपक्षी दलों ने किरन रिजिजू को पत्र लिखकर 29 अप्रैल के बाद सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग की थी, ताकि इस मुद्दे पर विस्तार से चर्चा हो सके। उन्होंने कहा कि इस मांग को नजरअंदाज किया गया।

चुनाव के दौरान संसद सत्र बुलाया गया है, जब कई सांसद तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रचार में व्यस्त हैं।

### एक दिन पहले सरकार ने ड्राफ्ट को मंजूरी दी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को कैबिनेट मीटिंग में नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन के ड्राफ्ट बिल को मंजूरी दे दी थी। इस प्रस्ताव के तहत लोकसभा की सीटें मौजूदा 543 से बढ़ाकर 816 की जाएंगी, जिनमें 273 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी।

राज्यों की विधानसभाओं में भी इसी अनुपात में सीटों का आरक्षण होगा। सरकार एक संशोधन बिल के एक संविधान साथ-साथ परिसीमन कानून में संशोधन के लिए अलग साधारण बिल भी लाएगी। ताकि नए सिरे से सीटों का निर्धारण हो सके।

नई सीटों का निर्धारण 2027 की जनगणना के बजाय 2011 की जनगणना के आधार पर किया जा सकता है। यह कानून राज्यों की विधानसभाओं और दिल्ली, जम्मू-कश्मीर, पुडुचेरी जैसे केंद्र शासित प्रदेशों में भी लागू किया जाएगा।

# वृंदावन नाव हादसा- 10 पर्यटकों की मौत 5 लापता: मृतकों में 7 एक परिवार के

मथुरा के वृंदावन में नाव हादसे में अब तक 10 लोगों की मौत हो चुकी है। युवती समेत 5 लोग अब भी लापता हैं। रातभर सेना ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। देर रात आर्मी ने जिस नाव से हादसा हुआ था, उसे निकाल लिया। आज शनिवार सुबह से फिर से रेस्क्यू शुरू होगा।

हादसा शुक्रवार दोपहर 3 बजे केसी घाट पर हुआ, जहां 37 श्रद्धालुओं से भरी नाव पलट गई थी। घाट श्री बांके बिहारी मंदिर से करीब 2 किमी दूर है। मृतकों में मां-बेटे, चाचा-चाची और बुआ-फूफा समेत एक ही परिवार के 7 लोग शामिल हैं। जिस जगह हादसा हुआ, वहां 25 फीट गहरा पानी है। शुरूआती जांच से पता चला है कि नाव की क्षमता 40 श्रद्धालुओं की थी। किसी भी श्रद्धालु को नाविक ने लाइफ जैकेट नहीं दी थी। पांटून पुल की रिपेयरिंग कर रहे लोगों और अन्य नाविकों ने कुछ लोगों को बचाया। बाद में प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंचीं और रेस्क्यू शुरू किया। पुलिस ने आरोपी नाविक पप्पू निषाद को हादसे के 6 घंटे बाद यानी रात 9 बजे हिरासत में लिया। नाव उसकी खुद की थी। उसने श्रद्धालुओं को जुगल घाट




से बैठाया था। हादसे के बाद फरार हो गया था।

हादसे में जिंदा बचे युवक ने बताया- नाव तट से करीब 50 फीट दूर यमुना नदी के बीच में थी। उस वक्त हवा करीब 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही थी। तेज हवा के कारण नाव अचानक डगमगाने लगी। नाविक का नियंत्रण छूट गया। पर्यटकों ने नाविक से कहा कि पुल आने वाला है, नाव रोक लीजिए, लेकिन उसने नहीं सुनी। दो बार नाव टकराने से बची, लेकिन तीसरी बार टक्कर हो गई और नाव डूब गई।

# जस्टिस यशवंत वर्मा का इस्तीफा, घर में 500 के नोटों के बंडल जले मिले थे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा ने राष्ट्रपति को इस्तीफा भेज दिया है। 14 मार्च 2025 को उनके दिल्ली स्थित सरकारी घर में आग लगने के दौरान 500-500 के नोटों के बंडल जले मिले थे। इसके बाद उन्हें दिल्ली हाईकोर्ट से इलाहाबाद हाईकोर्ट ट्रांसफर कर दिया गया था।

उन्होंने 5 अप्रैल 2025 को इलाहाबाद हाईकोर्ट में शपथ ली थी, लेकिन उन्हें कोई जिम्मेदारी नहीं दी गई थी। मामले की जांच पूरी होने तक उन्हें न्यायिक कामों से दूर रखा गया था। जस्टिस वर्मा ने 9 अप्रैल को इस्तीफा भेजा था, लेकिन न्यूज एजेंसी ने अगले दिन, यानी 10 अप्रैल को इसकी जानकारी दी। जस्टिस वर्मा ने इस्तीफे में लिखा है- मैं आपके सम्मानित कार्यालय को उन कारणों से परेशान नहीं करना चाहता, जिनकी वजह से मुझे यह पत्र लिखना पड़ रहा है। लेकिन गहरे दुख के साथ मैं इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश पद से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे रहा हूं। इस पद पर सेवा करना मेरे लिए सम्मान की बात रही है।

जस्टिस यशवंत वर्मा ने अपने इस्तीफे से पहले जजेस की इन्क्वायरी कमेटी को 13 पेज में एक लेटर भी लिखा है। लेटर में उन्होंने विस्तृत जवाब देते हुए पूरी जांच प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाए हैं।उन्होंने लिखा कि जिस कैश रिकवरी को आधार बनाकर उनके खिलाफ कार्रवाई की गई, उसके संबंध में न तो कोई ठोस सबूत पेश किया गया और न ही यह साबित किया गया कि वह पैसा उनका था।


## चिनूक हेलिकॉप्टर से 3 किमी ऊंचाई से छोड़ा गया; पैराशूट के साथ समुद्र में सेफ लैंडिंग

# गगनयान मिशन का दूसरा क्रू मॉड्यूल टेस्ट सफल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान की तैयारी में बड़ी कामयाबी मिली है। करफ्ढ ने शुक्रवार को दूसरा इंटीग्रेटेड एयर ड्रॉप टेस्ट सफलतापूर्वक पूरा किया।

यह टेस्ट गगनयान मिशन के लिए तैयार किए गए पैराशूट सिस्टम की असली परिस्थितियों की जांच करने के लिए किया गया। इसका मकसद गगनयान मिशन से पहले पैराशूट खुलने के प्रोसेस को चेक करना था। ये प्रोसेस मिशन के समय अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षित वापसी तय करेगा। टेस्ट के दौरान लगभग 5.7 टन वजनी डमी क्रू कैप्सूल को वायुसेना के चिनूक हेलिकॉप्टर से 3 किमी की ऊंचाई से छोड़ा गया। कैप्सूल ने समुद्र में सेफ लैंडिंग की। पिछले 8



महीनों में क्रू कैप्सूल का यह दूसरा एयर ड्रॉप टेस्ट है। पहला टेस्ट 24 अगस्त 2025 को किया गया था। गगनयान करफ्ढ का ह्यूमन स्पेस मिशन है। इसके तहत 2027 में स्पेसक्राफ्ट से वायुसेना के तीन पायलट्स को स्पेस में भेजा जाएगा। ये पायलट 400 किमी के ऑर्बिट पर 3 दिन रहेंगे, जिसके बाद हिंद महासागर में स्पेसक्राफ्ट की लैंडिंग कराई जाएगी। मिशन की लागत करीब 20,193 करोड़ रुपए है। गगनयान मिशन के लिए अभी वायुसेना के चार पायलट्स को चुना गया है, जिनमें से एक ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला हैं। शुभांशु इसीलिए एक्सियम मिशन के तहत इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन गए थे। गगनयान के जरिए पायलट्स को स्पेस में भेजने से पहले इसरो दो खाली टेस्ट फ्लाइट भेजेगा। तीसरी फ्लाइट में रोबोट को भेजा जाएगा।

### रान से 71 सदस्यीय डेलिगेशन पाकिस्तान पहुंचा:

# अमेरिकी उपराष्ट्रपति भी पहुंचेंगे; अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प बोले- ईरान इसलिए जिंदा है ताकि बातचीत कर सके

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इस्लामाबाद



अमेरिका के साथ प्रस्तावित वार्ता से पहले ईरान का डेलिगेशन शुक्रवार देर रात पाकिस्तान पहुंचा। ईरान की न्यूज एजेंसी तसनीम के मुताबिक, यह डेलीगेशन 71 लोगों का है।

इस टीम में सिर्फ बातचीत करने वाले लोग ही नहीं, बल्कि एक्सपर्ट सलाहकार, मीडिया प्रतिनिधि, डिप्लोमैट और सुरक्षा से जुड़े अधिकारी भी शामिल हैं। इस बातचीत टीम की अगुवाई ईरान की संसद के स्पीकर मोहम्मद बाकेर गालिबाफ कर रहे हैं।

दूसरी तरफ अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस भी डेलिगेशन के साथ आज इस्लामाबाद पहुंचेंगे। अमेरिका और ईरान के बीच यह अहम बैठक आज इस्लामाबाद में होनी है। इस पर दुनियाभर की नजर बनी हुई है। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने इस बातचीत से पहले ईरान को धमकी दी है। उन्होंने कहा है कि ईरान के पास थोड़े समय के लिए समुद्री रास्तों पर जबरदस्ती वसूली करने के अलावा कोई दांव नहीं है। उन्होंने यह भी धमकी दी कि वे इसलिए जिंदा हैं, ताकि बातचीत कर सकें।

इस्लामाबाद पहुंचते ही ईरान के शीर्ष वाताकार मोहम्मद बाकर गालिबाफ ने अमेरिका को लेकर कहा कि उन्हें शांति की उम्मीद है, लेकिन भरोसा नहीं। गालिबाफ ने सरकारी मीडिया से कहा, हमारे पास गुड विल है, लेकिन हम भरोसा नहीं करते। उन्होंने यह भी कहा कि अगर अमेरिका सच में एक ईमानदार समझौते के लिए तैयार है, तो ईरान भी तैयार हो सकता है।

गालिबाफ ने आरोप लगाया कि पहले अमेरिका के साथ बातचीत का अनुभव अच्छा नहीं रहा और अक्सर समझौते टूटे हैं। ईरान की न्यूज एजेंसी तसनीम के मुताबिक, इस्लामाबाद में ईरान का प्रतिनिधिमंडल (डेलीगेशन) कुल 71 लोगों का है। इस टीम में सिर्फ बातचीत करने वाले लोग ही नहीं, बल्कि एक्सपर्ट सलाहकार, मीडिया प्रतिनिधि, डिप्लोमैट और सुरक्षा से जुड़े अधिकारी भी शामिल हैं।

इस बातचीत टीम की अगुवाई ईरान की संसद के स्पीकर मोहम्मद बाकर गालिबाफ कर रहे हैं। व्हाइट हाउस ने ईरान के साथ हुए सीजफायर समझौते की घोषणा के लिए राष्ट्रपति ट्रम्प का राष्ट्रीय टीवी संबोधन करने पर विचार किया था, लेकिन बाद में इसे टाल दिया गया। रॉयटर्स से बात करने वाले अमेरिकी अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों के मुताबिक, ट्रम्प के कुछ सहयोगियों और सलाहकारों को चिंता थी कि यह समझौता अभी शुरुआती और कमजोर स्थिति में है, इसलिए इसे ज्यादा बढ़ा-चढ़ाकर पेश करना ठीक नहीं होगा।

ईरान का न्यूक्लियर प्रोग्राम- अमेरिका का कहना है कि ईरान में कोई संवर्धन नहीं होगा। ईरान को अपना सारा हाई-लीवल इनरिच्ड यूरेनियम बाहर करना होगा और न्यूक्लियर फैसिलिटीज बंद या सीमित करनी होंगी। स्टेट ऑफ होर्मुज- दुनिया का बहुत सारा तेल और गैस इसी रास्ते से गुजरता है। ईरान अभी भी इसका नियंत्रण रखना चाहता है और टोल (फीस) लेने की बात कर रहा है। वहीं, अमेरिका चाहता है कि रास्ता पूरी तरह खुला और सुरक्षित हो, बिना किसी रुकावट या फीस के। बैलिस्टिक मिसाइल प्रोग्राम- अमेरिका ईरान की लंबी दूरी की मिसाइलों पर रोक लगाना चाहता है। सैंक्शंस हटाना- ईरान चाहता है कि सभी अमेरिकी और अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध तुरंत हटा दिए जाएं

## इजराइल-लेबनान में शांति वार्ता होगी

इजराइल अगले हफ्ते वॉशिंगटन में लेबनान के साथ शांति के लिए औपचारिक बातचीत शुरू करने के लिए तैयार हो गया है। हालांकि, इजराइल का कहना है कि इन बातचीत में हिजबुल्लाह शामिल नहीं है। यह जानकारी अमेरिका में इजराइल के राजदूत ने शुक्रवार को दी। अमेरिका में इजराइल के राजदूत माइकल लीटर ने कहा कि इजराइल हिजबुल्लाह के साथ किसी भी सीजफायर पर बात करने को तैयार नहीं है। रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका में लेबनान और इजराइल के राजदूतों के बीच, साथ ही बेरूत में अमेरिकी राजदूत के साथ भी एक कॉल हुई है। 14 अप्रैल को होने वाली इस बातचीत की मध्यस्थता अमेरिका करेगा। अमेरिकी खुफिया आकलन के मुताबिक, हालिया अमेरिकी और इजराइली हमलों के बावजूद ईरान के पास अभी भी हजारों बैलिस्टिक मिसाइलें मौजूद हैं। यह जानकारी वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट में दी गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान की मिसाइल ताकत को काफी नुकसान जरूर हुआ है, लेकिन वह पूरी तरह खत्म नहीं हुई है और अब भी ऑपरेशनल है। अनुमान है कि युद्ध से पहले ईरान के पास करीब 2500 मीडियम रेंज बैलिस्टिक मिसाइलें थीं, जिनमें से अब भी 1000 से ज्यादा उसके पास बची हुई हैं।

## ईरान बोला-लेबनान में सीजफायर से पहले अमेरिका से बातचीत नहीं:ट्रम्प बोले-डील नहीं हुई तो फिर हमला करेंगे



ईरान ने अमेरिका के साथ प्रस्तावित बातचीत को लेकर सख्त शर्त रख दी है। संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाकर गालिबाफ ने कहा है कि जब तक लेबनान में सीजफायर लागू नहीं होता तब तक बातचीत शुरू नहीं होगी। उन्होंने ईरान के फ्रीज किए गए फंड जारी करने की मांग की। गालिबाफ ने साफ किया कि ये दोनों मुद्दे वार्ता से पहले हल होना जरूरी हैं। इस्लामाबाद में दोनों देशों के बीच अहम बैठक होने वाली है।

ईरानी मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, पार्लियामेंट्री स्पीकर गालिबफ की लीडरशिप में ईरानी डेलीगेशन वर अधिकारियों के साथ बातचीत के लिए इस्लामाबाद पहुंच गया है। वहीं अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस बातचीत के लिए पाकिस्तान रवाना हो गए हैं। उन्होंने ईरान को चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर वह ईमानदारी से बातचीत करेगा तो अमेरिका तैयार है, लेकिन छ्यखेलह्ल करने की कोशिश पर सख्त जवाब दिया जाएगा।

दूसरी तरफ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि अगर डील नहीं होती, तो अमेरिका फिर हमला करेगा। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिकी युद्धपोतों को सबसे बेहतरीन हथियारों से लैस किया जा रहा है। जरूरत पड़ने पर इनका इस्तेमाल किया जाएगा।

## अमेरिका-ईरान के बीच इन मुद्दों पर बातचीत होनी है

ईरान का न्यूक्लियर प्रोग्राम- अमेरिका का कहना है कि ईरान में कोई संवर्धन नहीं होगा। ईरान को अपना सारा हाई-लीवल इनरिच्ड यूरेनियम बाहर करना होगा और न्यूक्लियर फैसिलिटीज बंद या सीमित करनी होंगी।

स्टेट ऑफ होर्मुज- दुनिया का बहुत सारा तेल और गैस इसी रास्ते से गुजरता है। ईरान अभी भी इसका नियंत्रण रखना चाहता है और टोल (फीस) लेने की बात कर रहा है। वहीं, अमेरिका चाहता है कि रास्ता पूरी तरह खुला और सुरक्षित हो, बिना किसी रुकावट या फीस के।

बैलिस्टिक मिसाइल प्रोग्राम- अमेरिका ईरान की लंबी दूरी की मिसाइलों पर रोक लगाना चाहता है।

सैंक्शंस हटाना- ईरान चाहता है कि सभी अमेरिकी और अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध तुरंत हटा दिए जाएं, फ्रोजन एसेट्स वापस मिलें और मुआवजा भी मिले।

## ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट दोबारा बंद किया

इजराइल ने बुधवार को लेबनान में कई जगहों पर एयरस्ट्राइक की। इन हमलों में 254 लोग मारे गए और 1,165 लोग घायल हो गए। लेबनान की नागरिक सुरक्षा टीम के अनुसार, मारे गए लोग लेबनान के बेरुत, बालबेक, हर्मेल, नबातीह, अले डिस्ट्रिक्ट, सिडोन और टायर के थे। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, इजराइली हमले के बाद ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट को दोबारा बंद कर दिया है। इससे पहले उग्रवादी संगठन हिजबुल्लाह ने चेतावनी दी थी कि अगर सीजफायर में लेबनान को शामिल नहीं किया गया, तो यह समझौता टूट जाएगा। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का कहना है कि ईरान के साथ सीजफायर प्लान में हिजबुल्लाह शामिल नहीं है। इससे पहले ईरान ने अमेरिका को 10 पॉइंट का सीजफायर प्लान भेजा था, उसमें हिजबुल्लाह पर हमले रोकने की मांग की गई थी। तब इजराइल ने कहा था कि वो हिजबुल्लाह पर हमले नहीं रोकेगा। अमेरिका और ईरान के बीच करीब 40 दिन बाद 2 हफ्ते के सीजफायर पर सहमति बनी है। ट्रम्प ने बताया कि यह फैसला पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ और आर्मी चीफ की अपील के बाद लिया गया।

# पूर्व इजराइली आर्मी चीफ का फोन हैक

### ईरानी हैकर्स ने फैमिली फोटोज और सीक्रेट मीटिंग्स की तस्वीरें वायरल की

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ब्रिसबेन



ईरान से जुड़े हंदाला हैकर ग्रुप ने दावा किया है कि उसने इजराइली सेना के पूर्व प्रमुख हर्जी हलेवी के फोन और दूसरे डिवाइस हैक किए थे। हैकर ग्रुप का कहना है कि वह कई सालों से चुपचाप उनके सिस्टम में घुसा था। इस दौरान उसने हजारों फोटो और वीडियो इकट्ठा किए। उसे इजराइल की सीक्रेट मीटिंग, सेना के ठिकाने और कई अहम अंदरूनी जानकारी मिलती रहीं।

ग्रुप ने कुछ फोटो और वीडियो जारी किए हैं। इनमें हलेवी अलग-अलग सैन्य ठिकानों पर जाते, मीटिंग करते और अधिकारियों से बात करते दिखते हैं। कुछ तस्वीरें उनकी निजी जिंदगी से जुड़ी हैं, जिनमें परिवार की फोटो और पहचान पत्र जैसी चीजें शामिल हैं।

इन लीक में कुछ ऐसी मुलाकातें सामने आई हैं जिनके बारे में पहले सार्वजनिक जानकारी नहीं थी, जैसे जॉर्डन और कतर में हुई बैठकें। हालांकि, अभी तक इस मामले पर इजराइली सेना और हलेवी की तरफ से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। अमेरिका का सख्त रुख- अमेरिका ने कहा है कि अभी हमले रोके हैं, लेकिन जरूरत पड़ी तो ईरान पर फिर से हमला कर सकते हैं। ईरान को भारी नुकसान- अमेरिका के मुताबिक, ईरान के सैन्य ठिकानों पर हजारों हमले हुए और उसे कई साल पीछे धकेल दिया गया।

सीजफायर पर कन्फ्यूजन- लेबनान ने पाकिस्तान से पूछा है कि वो सीजफायर में शामिल है या नहीं इसकी पुष्टि की जाए।

## पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के बयान पर इजराइल नाराजगी जताई

इजराइल ने पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के बयान की कड़ी निंदा की है। इजराइल के प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि किसी देश को खत्म करने जैसी बात बेहद आपत्तिजनक है। इजराइल ने यह भी कहा कि जो देश खुद को शांति वार्ता का निष्पक्ष मध्यस्थ बताता है, उसके मंत्री का ऐसा बयान स्वीकार नहीं किया जा सकता। इससे पाकिस्तान की निष्पक्ष भूमिका पर सवाल खड़े हुए हैं। ख्वाजा आसिफ ने सोशल मीडिया पर इजराइल को इंसानियत के लिए श्राप बताया और लेबनान में नागरिकों की मौत को लेकर भी तीखी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि पहले गाजा, फिर ईरान और अब लेबनान में हिंसा जारी है। इजराइल के विदेश मंत्री गिदोन सार ने भी इस बयान की आलोचना करते हुए कहा कि इजराइल अपनी सुरक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाएगा और अपने खिलाफ धमकियों का जवाब देगा।

## ईरानी डेलिगेशन में शामिल स्पीकर ने कहा- अमेरिका पर भरोसा नहीं


ईरान की संसद के स्पीकर मोहम्मद बाकर गालिबाफ ने कहा है कि उनका देश बातचीत और समझौते के लिए तैयार है, लेकिन इसके लिए अमेरिका को ईमानदारी से समझौते की पेशकश करनी होगी और ईरान के अधिकारों को स्वीकार करना होगा। उन्होंने साफ कहा कि ईरान के पास सद्भावना है, लेकिन अमेरिका पर भरोसा नहीं। गालिबाफ इस समय इस्लामाबाद में वार्ता के लिए पहुंचे ईरानी प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा हैं। यूरोपीय संघ (एव) ने इजराइल की वेस्ट बैंक और पूर्वी यरुशलम में 30 नई बस्तियां बसाने की योजना की कड़ी निंदा की है। एव ने कहा कि कब्जे वाले क्षेत्रों में बस्तियां बनाना अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत अवैध है। उसने यह भी याद दिलाया कि पिछले साल जुलाई में अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (कख) ने भी इसे अवैध माना था।

संगठन ने इजराइली सरकार से इन फैसलों को वापस लेने, अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन करने और कब्जे वाले क्षेत्रों में फिलिस्तीनी लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की है। साथ ही एव ने कहा कि वह एक ऐसे स्थायी समाधान के पक्ष में है, जिसमें इजराइल और फिलिस्तीन दोनों देश सुरक्षित सीमाओं के भीतर शांति से साथ रहें। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने अमेरिका और ईरान से पाकिस्तान में होने वाली वार्ता को शांति का महत्वपूर्ण मौका मानते हुए इसका पूरा लाभ उठाने की अपील की है। उनके प्रवक्ता स्टेफन दुजारिक ने कहा कि यह बातचीत तनाव कम करने और दोबारा संघर्ष शुरू होने से रोकने का एक बड़ा अवसर है। उन्होंने बताया कि वठ प्रमुख के विशेष दूत जीन अर्नो, जो इस समय तेहरान में हैं, क्षेत्र में ही रहेंगे ताकि कूटनीतिक प्रयासों को समर्थन मिल सके।

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजों...



## रंग भरकर चित्र बनाओ



## अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | | | |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |

## वर्ग पहेली




### बाएं से दाएं

1. तरंग, हिलोर-3
3. झगड़ा, द्वेष, कहासुनी-3
5. पार्थिव देह-2
6. जरा, थोड़ा-2
8. रहस्य जानने वाला-4
10. दरवेश, औलिया, पीर-2
12. बहुतांश-3
13. राजनीतिक पार्टी-2
14. हिरासत-2
15. साजन, प्रेमी-3
17. देवर्षि-3
19. भगवान, रब, करतार-4
21. श्रवणेंद्रिय-2
23. प्राण, जीवन तत्व-2
24. द्रव पदार्थ-3
25. डोली उठाने वाले-4

### ऊपर से नीचे

1. भगवान राम का एक पुत्र-2
2. दया, करुणा-3
3. शर्ट, बुशर्ट-3
4. अधिकार-2

### पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 50 | | 2 | | 5 | | 2 | = | 40 |
| | | | | | | | | |
| 40 | | 4 | | 80 | | 50 | = | 30 |
| | | | | | | | | |
| 80 | | 5 | | 50 | | 25 | = | 10 |
| | | | | | | | | |
| 40 | | 20 | | 4 | | 4 | = | 20 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 50 | | 20 | | 39 | | 23 | = | 0 / 8 |

**संकेत**

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (x) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णत: मेल खाता हो.

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | र | ब | सु | भो | स | ल | से | ध्वा |
| क्षि | ग | ढ़ी | रा | द | ह | अं | लि | म |
| घु | क | आ | ब | स | रा | ज | र | पु |
| र | क्षि | म | र | आ | ह | द | या | बा |
| स | स | दि | स | दि | ब | अं | दि | ला |
| ल | घु | बी | र | ख | क | पि | ल | लि |

क्या इस शब्द पहेली में आप खोज पाएँगे अपने पसंदीदा शोज के किरदारों के नाम?

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | 4 | | 5 | 2 |
| 2 | 28 | 4 | 40 | 7 | 35 | 4 |
| | 2 | | | 4 | 7 | |
| 5 | 28 | | 38 | | 34 | 1 |
| | 2 | 6 | | 5 | | 7 |
| 3 | 31 | 2 | 24 | | 30 | |
| 7 | 6 | | 4 | | | 5 |

# 114 नए राफेल स्वदेशी मिसाइलों से लैस होंगे

भारत फ्रांस से 114 नए राफेल फाइटर जेट खरीद रहा है। 18 जेट फ्रांस में, 96 भारत में बनेंगे। इन जेट्स को स्वदेशी मिसाइलों और हथियार सिस्टम से लैस किया जाएगा। एचटी की रिपोर्ट के मुताबिक, इंटरफेस कंट्रोल डॉक्यूमेंट के जरिए राफेल जेट और स्वदेशी हथियार आपस में कैसे जुड़ेंगे यह तय किया जाएगा। रक्षा मंत्रालय अगले महीने राफेल फाइटर जेट बनाने वाली फ्रांसीसी कंपनी डसॉल्ट एविएशन को रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल जारी करेगा। इसके बाद कॉन्ट्रैक्ट पर बातचीत शुरू होगी। इस सौदे को डिफेंस एक्विजिशन काउंसिल (डीएसी) ने 12 फरवरी को मंजूरी दी थी। 114 में से 18 राफेल जेट्स फ्रांस से फ्लाई-अवे कंडीशन में मिलेंगे। बाकी 96 जेट्स भारत में बनाए जाएंगे, जिसमें 25% कलपुर्जे स्वदेशी होंगे। फ्रांस सोर्स कोड शेयर नहीं करेगा रिपोर्ट्स में कहा गया कि फ्रांस सोर्स कोड देने को तैयार नहीं है। अधिकारियों के मुताबिक, कोई भी देश अपने फाइटर जेट का सोर्स कोड साझा नहीं करता।

## 18 जेट फ्रांस में, 96 भारत में बनेंगे; कंपनी ने सोर्स कोड देने से इनकार किया



## डील पर इसका असर नहीं है

यही कोड रडार, इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर, टारगेट ट्रैकिंग और हथियार सिस्टम को कंट्रोल करता है, इसलिए इसे साझा नहीं किया जाता। हालांकि, डील पर इसका असर नहीं है। एचटी की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत को रूस ने 57 फाइटर जेट के दो स्क्वाड्रन देने की पेशकश की है। वह हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के साथ मिलकर जेट्स को अपग्रेड भी कर रहा है। हालांकि रूस ने इन दोनों फाइटर जेट्स के सोर्स कोड कभी शेयर नहीं किए। अमेरिका का भी यही रुख है। भारत के पास मौजूद अमेरिकी ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट और अटैक हेलिकॉप्टर से जुड़े सॉफ्टवेयर कोड भी शेयर नहीं किए जाते।

## एयरफोर्स ने सितंबर 2025 में मांग की थी




एयरफोर्स ने सितंबर 2025 में 114 अतिरिक्त राफेल जेट की मांग रक्षा मंत्रालय को भेजी थी। एयरफोर्स के पास पहले से 36 राफेल विमान है, जबकि नौसेना ने 26 मरीन वेरिएंट राफेल का ऑर्डर दिया है। अधिक संख्या में एक ही प्लेटफॉर्म होने से रखरखाव लागत कम होगी। अंबाला एयरबेस पर राफेल का ट्रेनिंग और टफ्ड (मेंटेनेंस, रिपेयर और ओवरहॉल) सेंटर पहले से चालू है। एयरफोर्स के पास तुरंत दो स्क्वाड्रन शामिल करने के लिए जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर, स्पेयर पार्ट्स और प्रशिक्षित स्टाफ मौजूद है।

## भारतीय राफेल को पंच देने वाले 5 हथियार



**1. स्कैल्प (Scalp) मिसाइल**

लंबी दूरी तक वार करने वाली क्रूज मिसाइल



**2. मेटेयोर (Meteor) मिसाइल**

लंबी दूरी तक हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल



**3. लेजर गाइडेड बम (LGB)**

500-2000 पाउंड के बम, जो लेजर के बूते सटीक हमला करें



**4. नॉन गाइडेड क्लासिकल बम (NCB)**

जमीन पर बमबारी के काम आने वाले परंपरागत बम

## भारत में 176 राफेल विमान हो जाएंगे

114 राफेल की डील पूरी होने के बाद भारत के बेड़े में राफेल विमानों की संख्या 176 हो जाएगी। हालांकि अभी इसमें थोड़ा वक्त लग सकता है। एयरफोर्स पहले ही 36 राफेल विमानों को शामिल कर चुकी है। भारतीय नौसेना ने 26 राफेल मरीन का ऑर्डर दिया है।

राफेल मरीन से पहले भारत फ्रांस से एयरफोर्स के लिए 36 राफेल जेट भी खरीद चुका है। 2016 में हुई इस डील के सभी विमान 2022 में भारत पहुंचे थे। इन्हें एयरफोर्स के अंबाला और हाशिनारा एयरबेस से संचालित किया जाता है। ये डील 58,000 करोड़ रुपए में हुई थी। राफेल मरीन विमान के फीचर्स एयरफोर्स के राफेल विमान से एडवांस हैं।

## बजट का पैसा इस तरह खर्च किया जाएगा

- **27.95% पूंजीगत खर्च** : नए हथियार, विमान, टैंक, जहाज और अन्य सैन्य उपकरण खरीदने पर।
- **20.17% राजस्व खर्च:** सेना के रोजमर्रा के संचालन, रखरखाव और जरूरी व्यवस्थाओं पर।
- **26.40% वेतन और भत्ते:** सेना के जवानों और अधिकारियों की सैलरी पर।
- **21.84% रक्षा पेंशन:** रिटायर्ड सैनिकों को पेंशन देने में।
- **3.64% सिविल संगठन:** रक्षा मंत्रालय से जुड़े सिविल विभागों के खर्च पर।

## राफेल मरीन फाइटर जेट की खासियत




| रेंज | क्रू | रफ्तार |
| --- | --- | --- |
| 3700 km | 2 पायलट | 2200 kmph |

- 50 हजार फीट ऊंचाई तक उड़ता है।
- न्यूक्लियर अटैक और एंटी शिप स्ट्राइक कर सकता है।
- मिड-एयर रिफ्यूलिंग और एडवांस रडार टेक्नोलॉजी है।
- बहुत कम जगह पर लैंड कर सकता है।
- राफेल मरीन मौजूदा राफेल फाइटर जेट्स से एडवांस्ड है।
- मजबूत फ्रेम, लैंडिंग गियर और टेल हुक जैसे स्पेयर पार्ट्स हैं।
- 10 घंटे तक फ्लाइट डेटा की रिकॉर्डिंग कर सकता है।
- 9 टन तक के हथियार ले जाने में सक्षम है।
- पायलट के हेलमेट के ऊपर एक डिस्प्ले है।
- हवा से हवा में मार करने वाली, जहाज रोधी और SCALP सटीक प्रहार करने वाली मिसाइल शामिल हैं।

■ वर्ष-12 अंक-157 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शनिवासरः 11 अप्रैल, 2026

### सुभाषितानि

**हस्तस्य भूषणम दानम, सत्यं कंठस्य भूषणं।**
**श्रोतस्य भूषणं शास्त्रम, भूषनै :किं प्रयोजनम।।**

**भावार्थ :** हाथ का आभूषण (गहना) दान है, गले का आभूषण सत्य है, कान की सुंदरता शास्त्रों को सुनने से है, अन्य आभूषणों की क्या आवश्यकता है।

**अभिवादनशीलस्य नित्यं वृद्धोपसेविनः।**
**चत्वारि तस्य वर्धन्ते आयुर्विद्या यशोबलं।।**

**भावार्थ :** जो व्यक्ति बड़ों का सम्मान करता है और नियमित रूप से बड़ों की सेवा करता है, उसकी आयु, ज्ञान, प्रसिद्धि और शक्ति में चार चीजें बढ़ती हैं।

## भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस् यात्रिकाः १४ अप्रैलतः आरम्भ

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

भारतीयरेलवे यात्रिकाणां कृते उत्तमाः सुरक्षिताः च यात्रासुविधाः प्रदातुं निरन्तरं प्रयतन्ते। अस्य उद्देश्यस्य अनुरूपं पश्चिममध्यरेलमार्गेण आधुनिकएलएचबीरेकस्य उपयोगेन जोधपुर-भोपाल-एक्सप्रेस्-इत्यस्य संचालनस्य महत्त्वपूर्णः निर्णयः कृतः अस्ति। यात्रिकाः अधिकं आरामदायकं सुरक्षितं च यात्रानुभवं प्राप्नुवन्ति इति सुनिश्चित्य एतत् संक्रमणं चरणबद्धरूपेण कार्यान्वितं भविष्यति। रेलप्रशासनद्वारा प्रदत्तसूचनानुसारं जोधपुर-भोपाल एक्सप्रेस् इति रेलसंख्या १४८१३ स्वस्य उत्पत्तिस्थानकेन जोधपुरतः एलएचबी-बचैः सह परिचालनं आरभेत। 2026. अस्य परिवर्तनस्य प्राथमिकं उद्देश्यं यात्रिकाणां कृते आधुनिकसुविधाभिः सुसज्जितानि कोच-प्रदानं यात्रायाः समग्रसुरक्षां च वर्धयितुं वर्तते।

## सम्पादकीयम्

### इरान् अमेरिकादेशस्य उपरि मेजः परिवर्तयति

इरान् अमेरिकादेशस्य उपरि मेजः परिवर्तयति; ट्रम्पः होरमुज् विषये अन्यराष्ट्रैः सह याचनां करोति; स्वदेशस्य अन्तः उत्थापिताः प्रश्नाः 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' इत्यस्य अनन्तरं डोनाल्ड ट्रम्पस्य विजयस्य दावान् कृत्वा अपि इराणस्य क्षमतायाः विषये एकः दुर्गानां प्रकाशं प्राप्तवती अस्ति। होर्मुज् जलसन्धिस्य संकटः, मित्रराष्ट्राणां उदासीनता, तैलस्य मूल्यवृद्धिः च अमेरिकादेशे दबावं तीव्रं कृतवान् वैश्विक अर्थव्यवस्था प्रभाविता भवति, विश्लेषकाः तु एतत् अमेरिका-इजरायलयोः प्रमुखं सामरिकं त्रुटिं मन्यन्ते। इराणविरुद्धं 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' इत्यस्य आरम्भात् परं अमेरिकीराष्ट्रपतिः डोनाल्ड ट्रम्पः दशकशः वारं पुनः उक्तवान् यत् सः युद्धे सर्वं किन्तु विजयं प्राप्तवान्, तेहरानदेशः वार्तायां याचनां करोति इति। परन्तु सप्ताहद्वयाधिककालानन्तरम् अपि स्थले यथार्थता सूचयति यत् अमेरिका-इजरायल-देशयोः इराणस्य क्षमतायाः मूल्याङ्कने त्रुटिः अभवत् हॉर्मुज् जलसन्धिविषये ट्रम्पेन कृतैः आह्वानैः एतत् तथ्यं अधिकं रेखांकितम् अस्ति। दबावस्य एकः रणनीतिः। ट्रम्पः इच्छति यत् नाटो इत्यादीनि राष्ट्राणि अग्रे गत्वा हॉर्मुज् जलसन्धिं पुनः उद्घाटयितुं साहाय्यं कुर्वन्तु। सः विशेषतया जापानदेशः, दक्षिणकोरियादेशः, चीनदेशः, आस्ट्रेलिया, यूके, फ्रान्स् च इति नामकरणं कृतवान्। परन्तु एतेषु कस्यापि राष्ट्रस्य तत् कर्तुं रुचिः न दर्शिता। ऑस्ट्रेलियादेशः सर्वथा अङ्गीकृतवान्, जापानदेशः तु कानूनीबाधाः उद्धृतवान्।

### तमिलनाडुनिर्वाचने विजयस्य सभायां विशालजनसमूहः

## मार्गे विलम्बस्य कारणात् करैकुडीयां भाषणं दातुं असमर्थः



ब्रह्मास्त्र ›› तिरुवनन्तपुरमः

तमिलनाडुराजनीत्यां निर्वाचनात्मकोत्साहः सम्प्रति चरमस्थाने अस्ति, २०२६ तमे वर्षे तमिलनाडुविधानसभानिर्वाचनस्य आलोके सर्वे राजनैतिकदलाः स्वस्य सम्पूर्णं भारं अभियाने क्षिपन्ति। अस्याः तीव्रक्रियाकलापस्य मध्ये एकः महत्त्वपूर्णः विकासः उद्भूतः अस्ति यत विजयः-पक्षस्य तमिलागा वेत्री कझागम -पक्षस्य प्रमुखः-जनसभायां निर्धारितभाषणं विना करैकुडीतः प्रत्यागन्तुं बाध्यः अभवत्। तस्य यात्रायाः समये अप्रत्याशितरूपेण विशालजनसमूहस्य कारणेन एषः निर्णयः आवश्यकः इति समाचाराः सूचयन्ति, येन मार्गे महत्त्वपूर्णः विलम्बः जातः।

दलस्य सूत्रानुसारं विजयः मदुरैतः करैकुडीनगरं प्रति प्रस्थितवान् आसीत्, यत्र सः महत्त्वपूर्णां निर्वाचनसभां सम्बोधयितुं निश्चितः आसीत्। मदुरै-करैकुडी-नगरयोः मध्ये प्रायः १०० किलोमीटर्पर्यन्तं यात्रा अभवत्; तथापि मार्गे विभिन्नेषु बिन्दुषु सहस्रशः समर्थकानां समूहाः समागताः आसन्। जनाः स्वप्रियस्य अभिनेता-राजनेता-परिणतस्य दर्शनार्थं वीथिषु प्रवहन्ति स्म, येन तस्य काफिलस्य वेगः भृशं मन्दः जातः।

प्रत्यक्षदर्शिनः कथयन्ति यत् विजयस्य काफिलः मदुरैतः बहिः गतमात्रेण ग्राम्यनगरयोः जनाः तस्य स्वागतार्थं मार्गपार्श्वेषु पङ्क्तिं कृतवन्तः। अनेकस्थानेषु जनसमूहस्य घनत्वं तादृशम् आसीत् यत् काफिलः पुनः पुनः स्थगितुं बाध्यः अभवत्। समर्थकाः उत्साहेन जयजयकारं कृत्वा स्वस्य मोबाईलफोनेषु विडियो गृहीतवन्तः, येन विजयस्य मनोबलं वर्धितम्। यद्यपि एतत् प्रचण्डं जनसमर्थनं दलस्य कृते। कारात्मकसंकेतरूपेण कार्यं कृतवान् तथापि तत्सहकालं समयव्यवस्थापनस्य दृष्ट्या महती आव्हानं कृतवती।

सूत्रानुसारं करैकुडी-नगरं प्राप्तुं विलम्बस्य अर्थः अभवत् यत् आयोजनस्य निर्धारितः आरम्भसमयः महत्त्वपूर्णतया पश्चात् धकेलितः। सुरक्षासंस्थाः स्थानीयप्रशासनं च जनसमूहस्य नियन्त्रणार्थं सर्वप्रयासाः कृतवन्तः, परन्तु निरन्तरं प्रफुल्लितसङ्ख्यायाः कारणेन स्थितिः अधिकाधिकं जटिला अभवत् अन्ततः सुरक्षाचिन्तानां, समयस्य च बाधां च उद्धृत्य दलस्य नेतृत्वेन विजयस्य भाषणं रद्दं कर्तुं निर्णयः कृतः। एतस्य निर्णयस्य अभावेऽपि करैकुडी-नगरे समागतानाम् समर्थकानां मध्ये स्पर्शयोग्यः निराशायाः भावः स्पष्टः आसीत्; तथापि विजयस्य समर्थने ते स्थिराः आसन्। सः स्वभाषणं कर्तुं न शक्नोति चेदपि मार्गे जनानां कृते यः निरपेक्षः उत्साहः।

### इरान्-देशेन कठोरशर्ताः निर्धारिताः

## अमेरिकादेशेन सह प्रस्तावितानां वार्तानां विषये गम्भीरः

ब्रह्मास्त्र ›› तेल अवीव

पश्चिम एशियायां प्रचलित तनावानां मध्ये इरान्-अमेरिका-देशयोः प्रस्ताविताः वार्तायां अनिश्चिततायाः मेघाः सङ्कहीताः सन्ति। तेहरान-देशेन स्पष्टं कृतम् यत् वार्ता-प्रारम्भात् पूर्वं कतिपयानि प्रमुख-शर्ताः पूर्तव्यानि-एषा वृत्तिः कूटनीतिक-प्रयत्नानाम् मार्गं अधिकं कठिनं करोति इति भासते।

ईरानीसंसदस्य अध्यक्षः मोहम्मदबघेर गालिबाफः स्पष्टतया उक्तवान् यत् यावत् लेबनानदेशे युद्धविरामः कार्यान्वितः न भवति, इराणस्य जमेन सम्पत्तिः मुक्तः न भवति तावत् कोऽपि संवादः सम्भवः नास्ति। सामाजिकमाध्यमेषु पोस्ट् कृत्वा सः अवदत् यत् एतौ विषयौ पूर्वं सम्मतस्य कार्यसूचनायाः भागः अस्ति, तेषु प्रगतिम् विना वार्तायां आरम्भः न भवितुं शक्नोति।

एतस्मिन् समये अस्य प्रदेशस्य स्थितिः अधिका जटिला अभवत्। लेबनानदेशे युद्धविरामस्य विषये असहमतिः उत्पन्ना अस्ति। इरान् इत्यस्य मतं यत् युद्धविरामस्य कृते इजरायलस्य सैन्यकार्यक्रमाः अपि अवश्यमेव समाविष्टाः भवेयुः, यदा तु इजरायल्-अमेरिकादेशयोः मतं यत् एतत् प्रतिबन्धं हिज्बुल-आदिषु संस्थासु न प्रवर्तते इति एतेन असहमतेन स्थितिः अधिका संवेदनशीलः अभवत्, युद्धविरामस्य पतनस्य जोखिमः अपि वर्धितः अस्ति।

तत्सङ्गमे अमेरिकनप्रतिनिधिमण्डलं वार्तायां इस्लामाबादनगरम् आगन्तुं सज्जं भवति। अस्य प्रतिनिधिमण्डलस्य नेतृत्वं अमेरिकी-उपराष्ट्रपतिः जे.डी. प्रस्थानपूर्वं सः अवदत् यत् अमेरिकादेशः रचनात्मकसंवादाय सज्जः अस्ति, यद्यपि इरान् निष्कपटतया वार्तायां प्रवर्तते इति जेडी वैन्स् इत्यनेन अपि स्पष्टीकृतं यत् यदि इरान् वार्तायां गम्भीरताम्।

### राशिफल

**मेष :** आज के दिन कारोबार में तरक्की के योग हैं। मन में शांति एवं प्रसन्नता रहेगी। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**वृषभ :** कुछ लोगों के चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। आत्मविश्वास से परिपूर्ण तो रहेंगे,स्वभाव में चिड़चिड़ेपन का भाव आ सकता है।

**मिथुन :** आज के दिन माता के सहयोग से धन की प्राप्ति होगी। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खुद के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कर्क :** आज के दिन हाइड्रेटेड रहें। मन में शांति रहेगी। शिक्षा से जुड़े कामों में कठिनाइयां आ सकती हैं।

**सिंह :** आज के दिन धैर्य बनाये रखने के प्रयास करें। कारोबार में दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

**कन्या :** आज के दिन नौकरी में तरक्की के योग बन रहे हैं। किसी अतिथि का आगमन हो सकता है।

**तुला :** आज के दिन जीवनसाथी के स्वास्थ्य को लेकर परेशान हो सकते हैं। विवादों से दूर रहें।

**वृश्चिक :** आज के दिन आज आपका कॉन्फिडेंस अलग ही लेवल पर रहेगा। आय में वृद्धि होगी, परन्तु कार्यभार बढ़ सकता है।

**धनु :** आज के दिन कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। अपने एमोशन्स को काबू में रखें।

**मकर :** आज के दिन वाणी में मधुरता बनी रहेगी। घर-परिवार की सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ :** आज के दिन लग्जरी में बेफिजूल खर्च न करें। आज क्रोध से दूर रहें। व्यापारियों के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**मीन :** आज के दिन अपनी भावनाओं को वश में रखें। वाणी में मधुरता रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

### ज्योतिष/वास्तु

## 13 साल बाद शनि जयंती पर बनने जा रहा है दुर्लभ संयोग, 5 राशियों की खुलेगी किस्मत

इस साल शनि जयंती पर शनिवार और अमावस्या तिथि एक साथ पड़ रही है, जिसे शनिश्चरी अमावस्या कहा जाता है। ज्योतिष के अनुसार यह योग बेहद प्रभावशाली और फलदायी माना जाता है। आइए जानते हैं किन राशियों के लिए यह शुभ रहने वाला है।

साल 2026 में शनि जयंती 16 मई को मनाई जाएगी। इस बार यह पर्व खास माना जा रहा है क्योंकि इस साल लंबे समय बाद एक अत्यंत शुभ संयोग बनने जा रहा है। इस बार शनिवार और अमावस्या तिथि एक साथ पड़ रही है, जिसे शनिश्चरी अमावस्या कहा जाता है। ज्योतिष के अनुसार यह योग बेहद प्रभावशाली



और फलदायी माना जाता है। ऐसे में इस दिन शनि ग्रह से जुड़े उपाय करने पर विशेष लाभ मिलते हैं। माना जा रहा है कि इस शुभ संयोग का असर राशिचक्र की कुछ राशियों पर खास तौर पर देखने को मिलेगा, जिनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आ सकते हैं और रुके हुए कार्य भी गति पकड़ सकते हैं।

**वृषभ राशि-** इस राशि के लोगों के लिए शनि जयंती नए अवसरों का द्वार खोल सकती है। करियर से जुड़े मामलों में अनुकूल परिस्थितियां बनेंगी और लंबे समय से चली आ रही परेशानियों का समाधान मिलने के संकेत हैं। शनि देव की कृपा से अटके हुए काम पूरे हो सकते हैं और आपके अंदर ऊर्जा व आत्मविश्वास में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी।

**मिथुन राशि-** मिथुन राशि वालों के लिए यह समय बदलाव लेकर आ सकता है। आर्थिक स्थिति में सुधार होने के योग हैं और आय के नए स्रोत बन सकते हैं। कुछ जातकों को नौकरी में पदोन्नति मिल सकती है। पिछले समय में किए गए प्रयासों का फल मिलने की संभावना है और आपके काम की सराहना भी हो सकती है।

**तुला राशि-** तुला राशि के जातकों के लिए शनि जयंती के बाद का समय लाभकारी रह सकता है। आप अपने विरोधियों पर जीत हासिल कर सकते हैं और समाज में अच्छे लोगों से संपर्क बढ़ सकता है। परिवार में खुशियों का माहौल रहेगा और खासतौर पर माता या मातृ पक्ष से लाभ मिलने के संकेत हैं।

**धनु राशि-** धनु राशि वालों पर शनि देव की विशेष कृपा बनी रह सकती है। इस दौरान कोई अच्छी खबर मिल सकती है, जो आपके मन को प्रसन्न करेगी। आप अपनी क्षमताओं को बेहतर ढंग से समझ पाएंगे और अपने लक्ष्यों की ओर तेजी से बढ़ेंगे। कुछ लोगों को नई नौकरी या बेहतर अवसर मिलने की संभावना है, वहीं स्वास्थ्य में भी सुधार देखने को मिलेगा।

**कुंभ राशि-** कुंभ राशि के स्वामी स्वयं शनि देव हैं, इसलिए इस राशि के लिए यह समय विशेष महत्व रखता है। शनि जयंती के बाद आपके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आ सकते हैं। आपकी योजनाएं सफल होंगी और करियर में उन्नति के अवसर मिल सकते हैं। जो लोग लंबे समय से नौकरी की तलाश में हैं या प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं, उन्हें मई के बाद सफलता मिलने के योग हैं। साथ ही समाज में आपका मान-सम्मान भी बढ़ सकता है।

## खबर एक नजर...

### दो माह की मासूम को छोड़ मां ने लगाई फांसी

**उज्जैन।** एकतानगर में रहने वाली मनीषा पति राहुल 24 साल ने गुरूवार शाम 2 माह की मासूम बेटी को सोता छोड़ फांसी लगा ली। मजदूरी कर पति घर लौटा तो घटना का पता चला। नीलगंगा थाना पुलिस ने मौके पर एफएसएल टीम को बुलाकर जांच की और शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम कक्ष पहुंचाया। प्रधान आरक्षक सुनील रावत ने बताया कि मृतक महिला बिहार की रहने वाली है। शव को फ्रीज में रखा है। मायके से परिवार के आने पर पोस्टमार्टम कराया जायेगा। परिवार काफी गरीब है, शनिवार को दोपहर तक उज्जैन पहुंच सकता है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि मनीषा बिहार जाना चाहती थी, लेकिन पति ने कुछ दिनों बाद जाने की बात कहीं थी संभवतः इसी के चलते उसने मौत का फंदा गले में डाला है। मामला नवविवाहिता से भी जुड़ा है, जिसके चलते मायके पक्ष के आने के बाद सीएसपी स्तर पर जांच शुरू की जायेगी।

### कातिलाना हमले में शामिल 2 आरोपियों को भेजा जेल

**उज्जैन।** पंवासा थाना क्षेत्र के नीमनवासा में 6 अप्रैल को पुरानी रंजीश में शुभम पिता सुन्दरलाल मालवीय 24 साल और बंटी पिता सदन महतो पर सुरेन्द्र उर्फ सूरज पिता रामप्रसाद परमार, बादल पिता प्रकाश सोलंकी और लक्ष्मण लौहर निवासी निमनवासा ने चाकू से कातिलाना हमला कर दिया था। शुभम को चाकू के 6 गहरे घाव लगे थे। उसकी हालत अब भी चिंताजनक बनी हुई है। पंवासा थाना पुलि ने मामले में बंटी महतो की शिकायत पर मामले में प्रकरण दर्ज किया था। चार दिनों की तलाश के बाद शुक्रवार को कातिलाना हमले में शामिल सुरेन्द्र उर्फ सूरज और बादल सोलंकी को गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों को दोपहर में कोर्ट में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। एसआई नितेश मिठौरा ने बताया कि फरार आरोपी की तलाश जारी है। हमलावरों और घायल शुभम के बीच नवरात्री की नवमी को विवाद हुआ था। उसी रंजीश में 6 अप्रैल को तीनों आरोपियों ने शुभम पर उस वक्त हमला किया था। जब वह गरोठ रोड से अपना आरो प्लांट बंद कर रात में घर लौट रहा था। बीच बचाव में बंटी घायल हुआ था।

### ट्रेक्टर चालक की ट्रेक्टर से हुई दुर्घटना में मौत

**उज्जैन।** ट्रेक्टर चलाने वाले युवक की गुरूवार-शुक्रवार रात ट्रेक्टर से हुई दुर्घटना में मौत हो गई। ग्रामीणों ने चालक के खेत मालिक को सूचना दी। पुलिस ने मृतक का शुक्रवार को पोस्टमार्टम कराया गया। इंगोरिया थाना क्षेत्र में रहने वाला लाखन पिता शंकरलाल धानक 28 साल ग्राम जहांगीरपुर में नारायणसिंह के खेत पर हाली का काम करने के साथ ट्रेक्टर चलाने का काम करता था। रात में उसका शव खेत के समीप पड़ा मिला। ग्रामीणों की सूचना पर खेत मालिक पहुंचा और उसे उज्जैन चरक अस्पताल लाया गया। डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। खेत मालिक ने बताया कि जानकारी सामने आई है कि उसकी मौत ट्रेक्टर से हुई दुर्घटना के दौरान हुई है। लेकिन किसी ट्रेक्टर से हुई यह सामने नहीं आ पाया। इंगोरिया थाना प्रभारी दीपेश व्यास ने बताया कि पहले ट्रेक्टर पलटने की सूचना मिली थी, लेकिन रात में ही लाखन को ग्रामीण अस्पताल ले गये थे। जिसके चलते घटनाक्रम स्पष्ट नहीं हो पाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और ग्रामीणों के बयान दर्ज कर मामले की जांच शुरू की जायेगी।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 180-9 | 150-6 |
| मेन बाजार | 225-9 | 290-1 |
| मिलन डे | 249-5 | 229-3 |
| मिलन नाइट | 123-6 | 577-9 |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | 3 | 6 |

### मामला उजागर होने के 48 घंटे बाद हिरासत में आया आरोपी

# बारात लेकर निकला था नाबालिग का शोषण करने वाला दुल्हा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नाबालिग का शोषण करने वाला युवक दुल्हा बना और बारात लेकर दूसरी युवती से सात फेरे लेने के लिये निकल गया। नाबालिग ने एसिड़ गटक लिया, मेडिकल रिपोर्ट में उसके गर्भवती होने का मामला संज्ञान में आया तो पुलिस ने दुल्हा बने युवक के खिलाफ पास्को एक्ट और दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज किया गया। शादी रूकवाई गई और गिरफ्तारी का प्रयास किया। दुल्हा भाग निकला था जिसे 48 घंटे बाद शुक्रवार दोपहर गिरफ्तार कर लिया गया।



बड़नगर थाना क्षेत्र की रहने वाली 15 साल की बालिका ने 6 अप्रैल को एसिड़ गटक लिया था। परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस बयान दर्ज करने पहुंची, लेकिन नाबालिग ने गलत बयान दे दिया। एक दिन बाद उसका मेडिकल चैकअप हुआ तो सामने आया कि नाबालिग 3 माह की गर्भवती है। अस्पताल की ओर से पुलिस को सूचना दी गई। थाना प्रभारी ने मामला गंभीर होने पर तहसीलदार स्तर पर नाबालिग के बयान दर्ज कराये। इस दौरान सामने आया कि कुछ माह से डरा-धमकाकर उसका शोषण कस्बे में रहने वाला अभिषेक सेन पिता सतीशचंद्र सेन 23 साल शिक्षक कालोनी द्वारा किया जा रहा था। पुलिस ने तत्काल मामले में दुष्कर्म और पास्को एक्ट का प्रकरण दर्ज किया। 8 अप्रैल को उसकी गिरफ्तारी के लिये पुलिस शिक्षक कालोनी पहुंची तो पता चला कि अभिषेक की शादी रतलाम के बिलपांक में होने वाली है। वह बारात लेकर निकला है। पुलिस बिलपांक पहुंची और दुल्हन के परिवार को मामले की जानकारी दी। दुल्हा बने अभिषेक को पता चला तो वह भाग निकला। जिसकी गिरफ्तारी के लिये थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने एसआई हेमंत कटारे, प्रधान आरक्षक रामनारायण चौहान, राहुलसिंह राठौर, आरक्षक नारायण सरा, शोभित शुक्ला, कैलाश गरवाल की टीम गठित की। 48 घंटे बाद शुक्रवार को खबर मिली कि बारात छोड़कर फरार हुआ दुष्कर्मी दुल्हा अपने घर आया है। पुलिस ने दबिश मारी और उसे हिरासत में ले लिया। थाना प्रभारी के अनुसार आरोपी से पूछताछ की जा रही है। शनिवार को न्यायालय में पेश किया जायेगा।

### अकेला पाकर करता था शोषण

बताया जा रहा है कि नाबालिग का परिवार मजदूरी करता है। परिवार के मजदूरी पर जाने के दौरान नाबालिग घर पर अकेली रहती थी। सात माह पहले आरोपी ने उसे अकेला पाकर डराया-धमकाया था और शोषण किया था। उसके बाद उसने 4 से 5 बार शोषण किया। आरोपी की धमकी के चलते नाबालिग ने परिवार को घटना नहीं बताई। 6 अप्रैल को एसिड़ पीने के बाद से अस्पताल में भर्ती किया गया। इस दौरान भी नाबालिग ने अपने साथ हुई घटना का उजागर नहीं किया, लेकिन उसकी हालत देख डॉक्टरों ने सोनाग्राफी कराई तो मामला सामने आ गया।

# ना ताला टूटा-ना सामान बिखरा चोरी हो गए लाखों के आभूषण

### ऋषिनगर एक्सटेंशन में वारदात, आज हो सकता है खुलासा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

ऋषिनगर एक्सटेंशन में रहने वाले परिवार के मकान में संदेहास्पद तरीके से लाखों के आभूषण चोरी होने का मामला सामने आया है। परिवार के मकान ना तो ताला टूटा था और ना ही घर का सामान बिखरा था। पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। संभावना है कि आज मामले खुलासा हो सकता है।

नानाखेड़ा थाना क्षेत्र के ऋषिनगर एक्सटेंशन में खेती किसानी करने वाले रत्नेश जोशी का मकान बना हुआ है। परिवार ने 16 मार्च को घर में आभूषण रखे थे। जिसके बाद परिवार कामकाज में लग गया था। परिवार को पुत्र भी कोचिंग आ-जा रहा था। इस बीच कुछ देर से लिये मकान का दरवाजा बंद रहता था। शुक्रवार को परिवार ने अलमारी में लॉकर में रखे आभूषण देखे तो गायब होना पाये। परिवार ने आपास में पूछताछ की तो किसी ने भी आभूषण नहीं लेने की बात कहीं। संदेहास्पद तरीके से लाखों के आभूषण चोरी



होने की शिकायत परिवार ने पुलिस को दर्ज कराई। पुलिस वारदात स्थल पर जांच के लिये पहुंची। परिवार ने कुछ लोगों पर संदेह जताया। उन्होने मकान के ऊपरी तल और ग्राउंड फ्लोर पर किरायेदार रहने की जानकारी दी। बिना ताला टूट और सामान बिखरे चोरी हुए आभूषणों को लेकर पुलिस ने आसपास के लोगों से जानकारी जुटाना शुरू किया और किराये रहने वालों से पूछताछ शुरू की। संदेहियों को भी हिरासत में लिया गया। सूत्रों की माने तो पुलिस को संदेहास्पद तरीके से हुई चोरी का सुराग मिल गया है। आरोपी के गिरफ्त में और आभूषण बरामद होते ही मामले का खुलासा कर दिया जायेगा।

# झोले में 2 युवक छुपाकर लाये थे शराब

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अवैध शराब परिवहन को लेकर पुलिस द्वारा लगातार धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा है। गुरूवार-शुक्रवार रात नीलगंगा थाना पुलिस को सूचना मिली कि एक्टिवा पर सवार 2 युवक विमल के झोले में अवैध शराब लेकर सांवराखेड़ी स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास ठिकाने लगाने आये है।

सर्कल भ्रमण पर मौजूद प्रधान आरक्षक पियुष मिश्रा, आरक्षक पुष्पराजसिंह और कमल पटेल सांवराखेड़ी मार्ग पर पहुंचे। उन्होने एक्टिवा सवार युवकों के पास विमल के 2 झोले देखे तो उन्हे घेराबंदी कर पकड़ा। दोनों झोले में देशी शराब के 300 क्वार्टर भरे थे। पूछताछ करने पर युवकों ने अपने नाम विरेन्द्र उर्फ वीरू पिता नरेन्द्रसिंह सिंदल 46 वर्ष निवासी द्रविड़ मार्ग थाना कोतवाली और प्रकाश पिता भालचन्द्र मातपुरकर 52 वर्ष निवासी दुर्गा कॉलोनी थाना माधौगंज जिला ग्वालियर होना बताये। दोनों को थाने लाकर आबकारी एक्ट अधिनियम का प्रकरण दर्ज कर एक्टिवा क्रमांक एमपी 09 यूवी 8731 जप्त की। दोनों ने शराब खान बडोदिया से लाना कबूल किया। शुक्रवार दोपहर दोनों को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से जेल भेजा गया है।




# गंभीर डेम में डूबा मामा के घर आया 16 साल का भांजा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मामा के घर आया भांजा शुक्रवार को गंभीर डेम में डूब गया। मामा और परिवार के लोगों ने कुछ देर की मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला और अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

भैरवगढ़ थाना एएसआई जितेन्द्र गौसर ने बताया कि चरक अस्पताल से सूचना मिली थी कि अम्बोदिया क्षेत्र से सागर पिता रामप्रसाद 16 साल निवासी अम्बालिया गौतमपुरा को मृत अवस्था में लाया गया है। सागर की डूबने से



मौत हुई है। सूचना पर मर्ग कायम किया गया और पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल पहुंचे। जहां सामने आया कि सागर गंभीर डेम में डूबा था। वह मामा के घर आया था, दोपहर में मामा के साथ डेम में नहाने गया था। जहां गहराई में जाने पर वापस बाहर नहीं आया। एएसआई गौसर के अनुसार फिलहाल पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंपा गया है। परिजनों और उसे डेम से बाहर निकालने वालों के बयान दर्ज किये जायेगें।

### पिता से पानी मांग बेसुध हुआ युवक

महाकाल थाना क्षेत्र के ग्राम नागातलाई में रहने वाले मोहित पिता गब्बा बंजारा 30 ने शुक्रवार तड़के पिता से पानी मांगा, पिता पानी देने पहुंचे तो मोहित बेसुध हालत में पड़ा दिखाई दिया, वह उल्टियां कर रहा था। उसे तत्काल चरक अस्पताल लाया गया। जहां उसके पास से जहरीले पदार्थ का पाउच मिला। जहर खाने की आशंका में उसे डॉक्टरों ने भर्ती किया लेकिन 2 घंटे बाद मौत हो गई। महाकाल थाना पुलिस को ड्युटी कम्पाउंडर ने जहर खाने से युवक की मौत होने की जानकारी दी। मर्ग कायम कर एसआई बलराम जाट अस्पताल पहुंचे और पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान सामने आया कि मोहित ईंट भट्टे पर काम करता था और उसकी पत्नी छोड़कर चली गई थी। संभवतः इसी के चलते उसने मौत को गले लगाय है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com